डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80600 10 ग्राम
₹ 102000 01 किलो
सेंसेक्स 74,332.58 -7.52
डॉलर 87.100 87.100

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 09 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-144, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 अगर कोई एक टीम भारत को...

## एक नजर

### पटना हाईकोर्ट के जज नियुक्त किए गए तीन अधिवक्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पटना हाईकोर्ट के लिए तीन अधिवक्ताओं को जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने आलोक कुमार सिन्हा, सोनी श्रीवास्तव और सुरेंद्र पांडेय को पटना हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति की है।

### अभाविप की तीन दिवसीय छात्र संसद आज से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा तीन दिवसीय छात्र संसद का आयोजन 9 से 11 मार्च को दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के छात्र प्रतिनिधि, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता और समाजसेवी एक मंच पर इकट्ठा होंगे, जहां वह शिक्षा, नेतृत्व, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। इस छात्र संसद का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का अहसास दिलाना है। 9 मार्च को आयोजित होने वाली जनजातीय छात्र युवा संसद में देशभर से वनवासी क्षेत्रों के छात्र भाग लेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिलने आईं महिलाओं से बोलीं विधायक कल्पना सोरेन

# महिलाओं को हक-अधिकार देने का कार्य कर रही सरकार

- गांडेय विधायक ने सभी को दी बधाई व शुभकामनाएं
- उपस्थित महिलाओं ने कहा, हेमंत सरकार के कार्य प्रशंसनीय

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई महिला समूहों की सदस्याएं रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में शनिवार को विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। मौके पर गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना। विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की राशि भेजी जाएगी।

कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है।



विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है। विधायक ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से यहां की नारी शक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संकल्प से भरा संवेदनशील प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना हुआ है।

मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक अमित महतो भी उपस्थित थे।

### गृह रक्षा वाहिनी व अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा-

# जीवन में खेलकूद की बड़ी अहमियत

**बोले सीएम**

- गृह रक्षा वाहिनी व अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग
- सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आमलोगों की सेवा में लगे रहते हैं




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में किया गया था।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। सीएम ने कहा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र, सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती हैं। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आमलोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसी प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही, पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ है। आप सभी लोग एक-दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

**सीएम ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

### चैंपियंस ट्रॉफी

# आज चैंपियन बनने की जंग




**फाइनल मैच शुरू होने का समय (भारतीय समानुसार)**
**दिन में 02:30 बजे से।**

- दुबई में खेला जाएगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार (9 मार्च) को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी। वहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब तक इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा है। वहीं, न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड को दुबई में खेलने का अनुभव है और कागज पर वे भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर हैं। रविवार का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत अपनी अजेय लय बनाए रखने उतरेगा, जबकि न्यूजीलैंड अपने संतुलित गेंदबाजी आक्रमण और शानदार फील्डिंग के दम पर उलटफेर करने की कोशिश करेगा।

**संभावित भारतीय टीम**
रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

**संभावित न्यूजीलैंड टीम**
मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टॉम लेथम, माइकल ब्रेसवेल, काइल जेमिसन, मैट हेनरी, विलियम ओरुर्क।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




# कोयला व्यवसाई से फोन कर रंगदारी मांगने वाला टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस ने कोयला व्यवसाई से फोन कर रंगदारी मांगने वाला टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य नथुनी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी शनिवार देर रात बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अग्रवादी बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोयला कारोबारी मोहम्मद मुजम्मिल व चेतलाल रामदास को फोन कर रंगदारी मांगता था। रंगदारी नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी देता था। पीड़ित द्वारा इस संबंध में



बालूमाथ थाना में मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज मामले के आधार पर पुलिस अनुसंधान के क्रम में नामजद अभियुक्त नथुनी सिंह उर्फ नथुनी जी उर्फ छोटू, ग्राम उरांव टोला, मटलोंग थाना मनिका जिला लातेहार को मनिका सोमर हाट चौक से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नथुनी कई मामलों का पूर्व में भी नामजद अभियुक्त रहा है। उक्त अपराधी पहले भी रंगदारी के आरोप में जेल जा चुका है। वह टीएसपीसी संगठन के दस्ते में सक्रिय था। अपराधी के गिरफ्तारी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम होने की आस जगी है। छापेमारी अभियान में मुरपा पिकेट प्रभारी एसआई होसेन डांग, एसआई रंजन पासवान थाना बालूमाथ के अलावा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### हजारीबाग में बड़कागांव रोड के फतहा चौक के पास वारदात को दिया गया अंजाम

# एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

- कार्यालय जाने के दौरान कुमार गौरव को मारी गई गोली
- तीन संदिग्ध हिरासत में, पुलिस कर रही है पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) की कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत गौरव कुमार की शनिवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई। वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। सुबह में करीब 09:30 बजे उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के बड़कागांव रोड के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




जानकारी के मुताबिक गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही डीजीएम के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर रहते हैं। इससे पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या लेवी के लिए अपराधियों ने कर दी थी। इस घटना की वजह भी लेवी से ही जोड़कर **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# हम आज अपनी मौत का सामान खुद ले चले


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पूरी दुनिया आज जिस बीमारी से ग्रसित हैं वह हमारे हाथों में है। सड़क पर ड्राइव करते हुए बात करने से लेकर व्हाट्सअप चेक करना,टॉयलेट में बैठकर मैसेज चेक करना और सोने पर तकिए के पास रखी जाने वाली विश्व की सबसे तेज संवाद वाली मशीन आज रोटी,कपड़ा और मकान से भी अधिक महत्वपूर्ण होकर जानलेवा साबित हो रही है। इसके लिए हिंदी फिल्म का यह गाना उपयुक्त लगता है - 'दिल में छुपाके प्यार का तूफान ले चले हम आज अपनी मौत का सामान ले चले।' उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव में फोन पर बात करते-करते एक युवक 120 फुट गहरे कुंए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को राहुल शुक्रवार की रात खेत से कोल्ड स्टोरेज तक आलू पहुंचाने के क्रम में ट्रैक्टर में खराबी आने के बाद फोन पर बात कर रहा था, तभी वह पैदल चलते-चलते खेत में उतर गया और वहां स्थित कुंए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। सड़कों पर हेल्मेट के अंदर कान के पास फोन घुसाए या हेडफोन पर बात करते दुपहिया वाहन चलाना आम है पर कुछ लोग सर टेढ़ा कर कान में फोन सटाए बहुत ही लापरवाही से स्कूटी या बाइक चलाते हैं या कार ड्राइव करते लंबी बातें करते हैं या वाहट्सअप तक करते हैं जिसमें उनका सारा ध्यान बातचीत पर लगा रहता है जिससे अचानक सड़क पर मोड़ या किसी प्रकार की बाधा से घटक दुर्घटनाएं घाट चुकीं हैं । कुछ वर्षों पूर्व रामगढ़ में एक भाई अपनी राखी बांधने वाली बहन से तुरंत पहुंचने की बात करते हुए मोड़ पर दुर्घटना का शिकार होकर मारा गया । कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि चलते-चलते फोन पर बात करने से आप विचलित हो सकते हैं और ट्रैफि क में चले जा सकते हैं, सुरक्षा संबंधी किसी खतरे को नजरअंदाज कर सकते हैं। फोन पर ज्यादा देर तक बात करने से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं जिससे एकाग्रता में कमी, याददाश्त कमजोर होना और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। तनाव और चिंता भी बढ़ सकती है। उनमें कैंसर जैसी घातक बीमारी का खतरा ज्यादा होता है? लगातार फोन पर बात करने से कानों की सुनने की क्षमता कम हो जाती है। जो लोग एक जगह ठहरकर या रुककर बात करते हैं, उनमें इस बीमारी का खतरा कम होता है लेकिन चलते हुए मोबाइल पर बात करने वालों में इसका रिस्क ज्यादा होता है। जब हम टहलते-टहलते या चलते-चलते किसी से मोबाइल पर बात करते हैं, तो इस दौरान हमारा फोन लगातार सिग्नल ढूंढता रहता है। कभी वो सिग्नल से अलग होता है तो कभी वो सिग्नल से जुड़ता है। इसकी वजह से फोन से हाई लेवल का रेडिएशन निकलता है, जो कैंसर पैदा करने का कारण बनता है। कई बार मोबाइल फोन में पूरा ध्यान होने से लोग सड़क या ट्रेन आदि दुर्घटनाओं के शिकार भी हुए हैं। सेल फोन की स्क्रीन को लंबे समय तक देखने से आंखों पर बुरा प्रभाव भी पड़ता है। देर रात में मोबाइल नींद में बाधा डालता है मोबाइल की स्क्रीन से एक ब्लू लाइट निकलती है, जो मेलाटोनिन के प्रोडक्शन में रुकावट पैदा करती है। मेलाटोनिन अच्छी नींद के लिए एक जरूरी हार्मोन है।



2018 में मोबाइल का प्रयोग 9039 दुर्घटनाओं का कारण बना, तो 2019 में यह आंकड़ा 10522 पहुंच गया। 2020 में 6753 दुर्घटनाओं का कारण मोबाइल पर बात करने की वजह से हुई है। सर्वेक्षण से यह भी बात सामने आयी कि भारतीय सड़कों का उपयोग करने वालों में यातायात नियमों के बारे में जागरूकता की कमी है। सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षाओं से संबंधित सवाल पूछे जाने पर मात्र छह प्रतिशत लोगों ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, लाल बत्ती तोड़ने की तुलना में चार गुना अधिक मौतों का कारण बना है। 2022 में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 61,038 मौतें हुईं, वहीं 2021 में 56,000 मौतों हुई थी। यह अध्ययन रिपोर्ट सेफ्टी 2024 सम्मेलन में रखी की गई। बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और असम में 2015-16 से 2019-21 के बीच सड़क हादसों में मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जिनमें मोबाइल फोन के कारण हुईं 1,132 मौतें शामिल हैं (आंकड़े 2022 में)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल की वजह से करीब 40,000 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 2016 में वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने की वजह से 4,976 दुर्घटनाएं हुई थीं जबकि 2017 में यह आंकड़ा 8,526 पहुंच गया था। 2019 में यह आंकड़ा 10,522 पहुंच गया था। आज हम मोबाइल छोड़ नहीं सकते पर सावधानी अवश्य बरत सकते हैं। उसे सूचना और मनोरंजन का माध्यम बना सकते हैं। पर यदि उसके गुलाम बन गए तो हमारा जीवन खतरे में आ सकता है।

### भगोड़ा ललित मोदी ने 1.3 करोड़ रुपए दे वानुअतु देश की नागरिकता ली

# ललित मोदी ने भारत की कार्रवाई से बचने के लिए खेला नया दांव

- पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी भारत की नागरिकता नहीं छोड़ेगा तो केस होगा
- 2015 से जारी है ईडी व मनी लांड्रिंग मामले में मुंबई की विशेष अदालत का गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा आर्थिक अपराधी करार दिए गए आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को भारत के नियम के अनुसार किसी दूसरे देश की नागरिकता ले लेने के कारण अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करना अनिवार्य है। नहीं की स्थिति में भारतीय पासपोर्ट के नियम का दुरुपयोग करने का केस हो जाएगा। चूंकि घोटाला आरोपी ललित मोदी ने प्रशांत महासागर में द्वीपों के देश वनुआतु की नागरिकता ले ली ली है, इसलिए उनको अब भारतीय नागरिकता छोड़ना अनिवार्य है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है।इस मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मौजूदा नियमों व प्रक्रियाओं के तहत इसकी जांच की जाएगी। हम कानून के तहत उसके खिलाफ मामले को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। मालूम हो कि आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और इसके मुख्य वास्तुकार मोदी विदेशी मुद्रा उल्लंघनों व वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप के साथ 2009 **शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर शराब माफियाओं के खिलाफ हरिहरगंज थाना पुलिस ने शनिवार को छापेमारी अभियान चलाया। बिहार की सीमा से सटे थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती कूलहिया गांव के बाहर चल रहे अवैध देसी महुआ शराब भट्ठी की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। वहां पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल ने जमीन के अंदर छुपाकर ड्रम में रखे गये करीब 6 क्विंटल जावा महुआ के साथ ही निर्मित शराब व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया। पुलिस को आता देख जंगल और पहाड़ी इलाके का लाभ लेकर धंधेबाज भागने में सफल रहे। छापामारी दल में एसआई सतीश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह,विनोद कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

### जन आरोग्य समिति की बैठक में कई निर्णय

**मोहम्मदगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में आयोजित जन आरोग्य समिति की बैठक में जन औषधि दिवस मनाया गया। इस मौके पर सीएचओ रामी किण्डो ने निःशुल्क और गुणत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता के संबंध जानकारी देते हुए इस केंद्र से इसका लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की सलाह पंचायत प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने कहा सरकार ऐसी दवाएं उपलब्ध करा रही है, जिनकी लैब टेस्टिंग के बाद अस्पताल में आपूर्ति की जाती है। इससे सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार संभव होता है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सेंटर में जरूरी संसाधन बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचाने की दिशा में प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

### स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ब्लैक ऑयल की खाली डब्बे के लगने से यात्री परेशान

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पिछले दो दिनों से ब्लैक ऑयल की खाली डब्बे के खड़ा करने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग महिलाओं को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही कर दिया गया हैं। जबकि नियमतः उसे भी एक नंबर प्लेटफॉर्म पर लगना चाहिए। इस रेलवे की लापरवाही के कारण यात्रियों को रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। लोकल ट्रेन में चढ़ने पर भाड़ा मेल एक्सप्रेस का लिया जाता है। जपला रेलवे स्टेशन के प्रबंधक संजय कुमार सिंह का कहना है कि उक्त खाली ऑयल के डब्बे को क्यों लगाया गया है, इसके लिए उपर से बात कर हटाने के लिए बोला जाएगा। उसे अविलंब एक नंबर प्लेटफॉर्म से हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रियों को परेशानी होती हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### श्रीराम नवमी पूजा को लेकर बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी पूजा के सफल आयोजन को लेकर रविवार को सुबह 11 बजे से देवी धाम मंदिर में बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी मुहल्लेवासियों, दुकानदारों और श्रद्धालुओं से शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने में सुझाव और सहयोग करने की अपील की गई है।

**अवास योजना कोऑर्डिनेटर व अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछा**

# योजना में गड़बड़ी करने वाले पदाधिकारियों को माफ नहीं किया जाएगा: प्रखंड प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक हुई। बैठक में प्रमुख के अलावा प्रखंड और अंचल कार्यालय कर्मी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में कई विभाग के अधिकारी व कर्मी अनुपस्थित रहे, इस पर पंचायत समिति सदस्यों ने चिंता जाहिर की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहे लोग निश्चित रूप से करवाई के पात्र हैं। उन्होंने प्रखंड व अंचल के सभी विभाग के कर्मियों से कहा कि समीक्षा बैठक के महत्व को समझे और बैठक में शामिल होने का प्रयास करें। उपस्थित प्रखंड और अंचल के कर्मी से बारी बारी से कार्यों की जानकारी लिया गया। बैठक में विशेष रूप से पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय की भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने मामले पर विशेष चर्चा की गई।आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर भी चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि आवास में गड़बड़ी करने वाले पदाधिकारी को माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने आवास में गड़बड़ी को लेकर आवास को ऑर्डिनेटर से आठ दिन के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही। प्रखंड प्रमुख ने बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मियों की स्पष्टीकरण मांगा है। चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पांकी सीएचसी में चिकित्सा से संबंधित किसी भी तरह की कमी नहीं किया जा रहा है। बैठक में उप प्रमुख अमित चौहान, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, एसआई भोला राम, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश उर्फ चुनमुन पांडेय, नुरु पंचायत समिति मिथलेश यादव, नौडीहा 1 मुखिया सुनील सिंह, ढूब मुखिया प्रतिनिधि यशवंत राम, डंडार मुखिया प्रद्युम्न सिंह, सम्मानदंन ओझा सहित प्रखंड और अंचल कर्मी के साथ कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।




### दंगवार में अवैध देसी शराब के विरुद्ध कार्रवाई



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत सोन नदी के डीलापर इलाके में अवैध रूप से देसी शराब निर्माण की गुप्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 600 किलोग्राम फुलाया गया जावा महुआ, 25 लीटर तैयार देशी शराब, तथा शराब बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद किए गए। उक्त सभी जब्त सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध यह कार्रवाई हुसैनाबाद थाना द्वारा की गई। दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता के साथ ओपी के कई पुलिस बल शामिल थे।

## पुलिस ने गुरियादामर से 300 किलो जावा महुआ किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पूर्णाडीह के टोला गुरियादामर में शनिवार सुबह पुलिस ने अवैध शराब चुलाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 300 किलोग्राम जावा महुआ व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया। यह जानकारी लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि होली पर्व को देखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की यह कार्रवाईआगे भी अवैध शराब बिक्री और निर्माण को रोकने के लिए लगातार छापेमारी जारी रहेगी। पुलिस का यह अभियान होली त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके इसलिए किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अवैध शराब के व्यापार से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप व्याप्त है। छापेमारी अभियान में एएसआई अरुण कुमार बाउरी, बबन यादव, रेहान सहित थाना पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।



## पथरा के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में सुखी संपन्न लोगों को आवास देने का लगाया आरोप, जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** प्रखंड के पथरा पंचायत के पथरा गांव के ग्रामीणों ने अबुआ आवास में गलत तरीके से आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को आवास आवंटित करने का आरोप लगाते हुए डीसी से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिये गए आवेदन में कहा गया है कि हम सभी पंचायत वासी पंचायत पथरा, प्रखंड हुसैनाबाद के मूल निवासी है। हमारे पंचायत में अबुआ आवास को आर्थिक रूप से संपन्न लाभुकों को आवास आवंटन किया गया हैं। जबकि हमलोग इसके प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी हुसैनाबाद को भी लिखित रूप से आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया, लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नहीं हो सकी हैं। हुसैनाबाद विधाना सभा के स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव का भी सूची पर गलत तरीके से हस्ताक्षर करा लिया है। लाभुक सदस्य की मांग है कि गरीब लाचार और आर्थिक रूप से कमजोर लाभुक को आवास आवंटित नहीं कर नियम विपरित लाभुकों को आवास आवंटित किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ले चुके लाभुक को भी अबुआ आवास आवंटित किया गया, झारखण्ड राज्य सरकार के कर्मी के पत्नी का नाम दिया गया,क्रम संख्या को ध्यान में नहीं रखते हुए जियो टैग लगाकर लाभ दिया गया, एक ही परिवार के अलग-अलग सदस्य को आवास आवंटित किये जाने की बात कही गई हैं। ग्रामीणों ने उपयुक्त बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई करने एवं उचित योग्य लाभुकों को आवास आवंटित करने की मांग की है। हस्ताक्षर करने वालों में तारा देवी, सविता देवी, प्रतिमा देवी, उषा देवी, पूजा देवी, तेतरी देवी, उर्मिला कुमारी, सुदर्शन राम, सबिता देवी, सुशिला देवी, मीणा देवी, पतियां कुंवर, पार्वती देवी, पप्पु कुमार, आभुतोष कुमार दास सहित कई लोगों का नाम शामिल है।



## सीओ व नगर पंचायत ने मुख्य बाजार में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने का कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है। बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान अंचलाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने जेपी चौक व आंबेडकर चौक से मुख्य बाजार होते हुए महाबीर भवन तक पथ के दोनों किनारे अवस्थित नालियों पर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। अंचलाधिकारी ने सड़क के दोनों किनारे घूम घूम कर अतिक्रमण हटाने का काम किया। सीओ ने अतिक्रमणकारियों को कहा कि स्वेच्छा से सरकारी नाली व सड़क किनारे लगाए गए पेवर ब्लॉक पर से अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा बुलडोजर द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा और अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने का खर्च वसूला जाएगा।साथ ही उन्होंने सड़क पर ठेला -खोमचा लगाने वाले फुटपाथी दुकानदारों को सख्त लहजे में मुख्य सड़क के बाहर ठेला लगाने का निर्देश दिया है,अन्यथा कारवाई की बात कही। नगर पंचायत प्रशासन ने भी आंबेडकर चौक पर लगे ठेले को हटवाया और माइकिंग करवाकर यथाशीघ्र दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। अन्यथा जुर्माना के साथ सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कारवाई करने की बात कही है।



## उच्च विद्यालय कटैया में खेल महोत्सव का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को विद्यार्थियों के बीच खेल महोत्सव मनाया गया। विभागीय आदेश के आलोक में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों के बीच बोरा रेस,मेढक रेस, चम्मच रेस, दौड़, सहित कई खेल प्रतिस्पर्द्धाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता के साथ ही शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा स्नेहलता देवी तथा उपाध्यक्ष विश्वास मिश्रा के हाथों मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आइसीटी इंस्ट्रक्टर मनीष रूद्र,लिपिक संतोष कुमार, शिक्षिका कुमारी बसंती कुशवाहा, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।



## निदेशक ने फसलों का किया प्रत्यक्षण व निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** भारत सरकार के चावल विकास निदेशालय के निदेशक डॉ. मान सिंह ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में टरफा, एनएफएसएम योजना के तहत संचालित विभिन्न फसलों का प्रत्यक्षण और मसूर,अरहर का निरीक्षण किया। किसानों से फीडबैक लिया। साथ ही प्रखंड कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में चार किसानों को अपने हाथों गरमा मूंग बीज का वितरण किया। आईएनएम, आईपीएम वितरण किया। किसानों को उन्नत खेती के लिए निर्देश दिए। मौके पर तकनीकी सहायक मनोज कुमार सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, किसान मित्र आनंद सिंह, दिनेश सिंह, गंगा सिंह, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, तारा देवी, बालकेश सिंह, अमरिका साव, विश्वनाथ साव, कलिंदर सिंह, बलवंत सिंह, मंसूर मियां, जिलेबन बीबी, महेश्वर सिंह, मुकेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।




## मैट्रिक के सभी विषयों की लिखित परीक्षा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पेपर लीक के कारण मैट्रिक के साइंस विषय की स्थगित परीक्षा शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में ली गई। इसके साथ ही मैट्रिक के सभी विषयों की लिखित परीक्षा का समापन हो गया। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस विषय की परीक्षा में भी कैलाश उच्च विद्यालय पंसा के नियमित रूप से अनुपस्थित 2 परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए थे। जबकि सोशल साइंस विषय में अनुपस्थित उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय की छात्रा परीक्षार्थी इस विषय की परीक्षा में भी उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 कुल 477 परीक्षार्थियों केंद बनाया गया था। इसमें कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 2 अनुपस्थित को छोड़ 475 परीक्षार्थी शामिल थे। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार के निरीक्षण और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी की सदलबल तैनाती में शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने परीक्षा की निगरानी करते हुए दायित्व को बखूबी निभाया। उन्होंने बताया कि विषयगत लिखित परीक्षा के बाद अब प्रायोगिक परीक्षा सभी संबंधित स्कूलों के गृह केंद्र में 10 से 25 मार्च तक ली जाएगी। वहीं प्रायोगिक परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण 11 से 26 मार्च के बीच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। वहीं वर्ग 8 की 10 मार्च को प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी व अतिरिक्त भाषा में से किसी एक और द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी। जबकि 11 को वर्ग 9 की निर्धारण कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली में हिंदी ए बी, अंग्रेजी व और द्वितीय पाली में मैथेमेटिक्स और साइंस विषयों की परीक्षा होगी। जबकि 12 मार्च को सोशल साइंस और अतिरिक्त भाषा में से किसी एक की परीक्षा के साथ इन वर्गों की भी वार्षिक परीक्षा का समापन हो जाएगा।

**कार्यक्रम** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पेयजल व स्वच्छता अभियान को तेज करने का संकल्प

## जल की गुणवत्ता जांच के लिए जल सहियाओं को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिलापर गांव में शनिवार को वाश कोऑडिनेटर प्रेमतोष पांडेय की उपस्थिति में जल सहियाओं की बैठक मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता अभियान को तेज करने की जरूरत पर बल देते हुए वाश कोऑडिनेटर ने जल सहियाओं को उनके कर्त्तव्य और दायित्व का बोध कराया। उन्होंने जल की गुणवत्ता की नियमित जांच कर उसकी रिपोर्ट करने के साथ ही लोगों को शौचालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जल सहिया खासकर, महिलाओं को खुले में शौच से नुकसान और शौचालय का उपयोग करने से फायदे को बताते हुए उन्हें जागरूक करें। जिससे गर्भवती महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। इससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आ सकती है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण यह कि वातावरण को प्रदुषित होने से बचाया जा सकता है। इससे विभिन्न बीमारियों को फैलाने से रोका जा सकता है। मुखिया ने शौचालय विहीन लोगों को शौचालय का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करने के लिए भी लोगों को प्रेरित करने का निर्देश जल सहियाओं को दिया। बैठक में शाहजहां बेगम, किरण, सरोज, कांति, कलावती, कविता , पूनम शकुन्तला के अलावा, पिपरा बांध की किरण, सेविका ललिता और क्रियाविद् धीरज यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे। बैठक में हैदरनगर प्रखंड के वाश कॉडिनेटर हरसु कुमार दयानिधि भी उपस्थित थे। उन्होंने जल की गुणवत्ता और पेयजल की शुद्धता पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### शहर के दो दर्जन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगेगा

**हरिहरगंज।** शहर में सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसके लिए शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का सर्वे किया गया है। सभी सीसीटीवी कैमरों को थाना में बने नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाएगा। वहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शहर के 24 स्थानों का चयन सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया गया है। एनएच 98 किनारे,मेन बाजार,सतगांवा, बंजारी,अररुआ सहित प्रमुख चौक-चौराहों व संवेदनशील इलाकों में स्थित है। आपातकालीन स्थितियों में इन कैमरों की मदद से पुलिस तेजी से कार्रवाई कर सकेगी। साथ ही अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## न्यूज बॉक्स

### अपराधियों ने बाइक सवार से रूपए छीना, केस दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना के लपसेरा गांव निवासी राजेंद्र यादव ने चेनिला जंगल में दो अपराधियों द्वारा बाइक व 15 सौ रुपए छीनने की प्राथमिकी हुसैनाबाद थाना में दर्ज कराया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि वह अपने रिश्तेदार के घर छतरपुर के मननपुर बाइक से जा रहे थे। इस क्रम में चनीला जंगल में सेमर के पेड़ के पास दो युवकों ने हाथ देकर बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक रोकने के बाद उन्होंने बाइक की चाभी निकाल लिया एवं पैकेट में रखे 15 सौ रुपए निकाल लिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर जंगल की ओर धकेल दिया। वहां से दोनों अज्ञात युवक बाइक लेकर भाग गए। राजेंद्र यादव ने आवेदन में कहा है कि वह जिस बाइक से जा रहे थे वह उनके पुत्र अशोक कुमार यादव के नाम से है। राजेंद्र यादव के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### स्टूडेंट पुलिस प्रोग्राम के तहत परिभ्रमण पर गये स्कूली बच्चे

**हरिहरगंज।** स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स योजना के तहत शनिवार को पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा के 48 स्कूली बच्चे एकदिवसीय परिभ्रमण पर गये। थाना प्रभारी विमल कुमार ने छात्र-छात्राओं को टॉफी, बिस्कुट देकर तथा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर थाना प्रभारी विमल कुमार ने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने, शांति व नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और छात्रों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि परिभ्रमण पर गये बच्चों को अपराध की रोकथाम, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन सहित सामाजिक बुराईयों के बारे में प्रशिक्षण दी जाएगी। मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार उपाध्याय शिक्षक सुनील कुमार, रमाकांत यादव, मनोज जायसवाल, कृष्णा यादव,धिरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### करिया में जल सहिया ने महिलाओं को किया जागरूक

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत के करिया में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। इसे लेकर पेयजल एवं स्वच्छता अभियान के तहत जल सहिया रेशमा खातुन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को बताया गया। बैठक में उपस्थित मंजू देवी ने कहा कि यह दिवस महिलाओं को उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समानता, आजादी और अधिकार की याद दिलाता है। इसके साथ ही आज का दिन परिवार के निर्माण और विकास के साथ ही उक्त क्षेत्रों में भूमिका निभा रही महिलाओं को उनके संघर्ष से मिली सफलता से प्रेरणा लेकर खुद को किसी भी क्षेत्र में बुलंदियों पर पहुंचने को प्रेरित व उत्साहित करता है। उन्होंने इस मौके पर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता अभियान में शामिल होकर इसके उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का आह्वान किया। जिससे स्वस्थ समाज और देश का निर्माण के संकल्प को पूरा किया जा सकता है। जलसहिया ने महिलाओं को जल के गुणवत्ता की जांच करते हुए उन्हें इसका तरीका बताया। साथ ही खुले में शौच मुक्त समाज निर्माण में सक्रियता के साथ जुटने की नसीहत दी। कार्यक्रम में उषा कुमारी,पिंकी कुमारी,पुनम देवी,तेतरी देवी, कुंती देवी सहित अन्य कई महिलाएं व अन्य लोग उपस्थित थे। वाश कॉडिनेटर हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय ने इसकी मॉनिटरिंग की।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम, डा॰ बिंदेश्वरी सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मजदूर किसान महाविद्यालय की ओर से जिला परिषद सदस्य व पुलिस इंस्पेक्टर को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम ने कहा कि आज का दिन महिलाओं की उपलब्धियां को सलाम करने का दिन है। इस दिन को महिलाओं की आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक उपलब्धियां को उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्हें एहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन स्त्रियों के साहस को सम्मान करना है जो हमारे इर्द गिर्द रहती हैं। जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने मौके पर मौजूद महाविद्यालय के सभी छात्राओं को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

### एके सिंह कॉलेज जपला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**हुसैनाबाद।** अवधेश कुमार सिंह कॉलेज, जपला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण की चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के समाज सेवी बीनू सिंह थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रिंकी कुमारी और पुष्पा कुमारी ने किया। इस अवसर पर मुसर्रत प्रवीण,प्राजक्ता कुमारी, दिव्या कुमारी, शशि रंजन, गुलाम सरवर सहित अनेक स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने विचार दिए। एकेडमिक इंचार्ज डॉ.राम सुभग सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण जरूरी है, पर यह नाकाफी है । जरूरत है नारी मुक्ति हेतु समग्र चिंतन एवं आंदोलन की ।जब तक नारी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं दिमागी गुलामी से मुक्त नहीं होगी, तब तक पितृ सत्ता के जंजीरों में कैद रहेगी। समाजसेवी बीनू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें नारी को सम्मान देने और उसके साथ समता का व्यवहार करने की जरूरत है। क्विज प्रतियोगिता ,विज्ञान प्रदर्शनी और राष्ट्रीय युवा दिवस के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फरवरी माह में आयोजित ₹प्रमुख वैज्ञानिक, उनके सिद्धांत और आविष्कार ₹से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं का क्रम इस प्रकार है। किरण कुमारी ( प्रथम) , संध्या मेहता (द्वितीय) और अलका भारती (तृतीय)। विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं में प्राजक्ता कुमारी (प्रथम),शिखा कुमारी (द्वितीय) और रागिनी कुमारी, आरती कुमारी एवं निशु कुमारी संयुक्त रूप से (तृतीय) स्थान पर रही। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी (प्रथम), राखी मेहता (द्वितीय) और बीरबल कुमार (तृतीय) तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं में रिंकी कुमारी (प्रथम) ,प्राजक्ता कुमारी (द्वितीय) और राखी मेहता (तृतीय) स्थान। अध्यक्षीय संबोधन प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक ,शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में प्रोफेसर शशि भूषण सिंह ,डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा ,डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर मुकेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह ,प्रो. सुधीर कुमार सिंह , लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश कुमार सिंह, विवेक कुमार एवं प्रिंस कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह आज

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा स्तरीय अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज द्वारा जरासंध जयंती सह होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को पिरी मोड़ सगालीम में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी नीलांबर पीतांबरपुर स्थित कुराईनपतरा पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने दी। उन्होंने बताया कि चंद्रवंशी समाज से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन में पांकी विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, वीरेंद्र वर्मा,अजय रंजन,मुखिया इंदु देवी,मुखिया सुमन देवी, कौशल किशोर बच्चन, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार ,यशवंत चंद्रवंशी समेत अन्य समाज सेवी अपना योगदान दे रहे हैं।

# राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम निलंबित, उपायुक्त ने सरकारी कार्यों में लापरवाही पर की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पीताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को उपायुक्त शशि रंजन ने निलंबित कर दिया है। उन पर म्यूटेशन मामलों को 90 दिनों से अधिक लंबित रखने, कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं देने और सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय मनातू अंचल कार्यालय होगा और जीवन निर्वाह भत्ता वहीं से मिलेगा। इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर को संचालन पदाधिकारी और नीलांबर-पीताम्बरपुर अंचल के अंचल अधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी बनाया गया है।

21 दिसंबर 2024 को अपर समाहर्ता कुंदन कुमार द्वारा नीलांबर-पीताम्बरपुर अंचल कार्यालय के निरीक्षण में पाया गया कि अगस्त 2024 से लंबित कई नामांतरण वाद अब तक निष्पादित नहीं किए गए हैं। 25 मामलों को बिना किसी आपत्ति के 90 दिनों से अधिक लंबित रखा गया, जो झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का उल्लंघन है। पंजी-11 में प्लॉटवार रकबा अंकित नहीं किया गया, जिससे नामांतरण प्रक्रिया बाधित हुई, जबकि ऑनलाइन पंजी-11 में यह विवरण उपलब्ध था। बायोमेट्रिक उपस्थिति रिकॉर्ड की जांच में राजस्व निरीक्षक का कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न होना भी सामने आया। उपायुक्त ने इसे सरकारी कार्यों में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का हर हाल में अनुपालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तय मानकों के अनुरूप कार्य नहीं होने पर संबंधित कर्मी/पदाधिकारी के वेतन से कटौती की जाएगी।

### पलामू जिले में दो घंटे में तीन सड़क हादसे, तीन की मौत

**पांकी, लेस्लीगंज और गढ़वा में हुए हादसे**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को पलामू जिले में दो घंटे के भीतर तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली घटना लेस्लीगंज में हुई, जहां 18 वर्षीय प्रदीप उरांव की पिकअप वैन की टक्कर से मौत हो गई। दूसरी घटना पांकी थाना क्षेत्र में हुई, जहां 25 वर्षीय दुष्यंत शर्मा ट्रक की टक्कर से मारा गया। तीसरी घटना गढ़वा के बेलचंपा में हुई, जिसमें 30 वर्षीय तरकेश कुजूर की बाइक दुर्घटना में जान चली गई। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# महिला सशक्तिकरण से मजबूत होगा लोकतंत्र : उपायुक्त

- तकनीकी, आर्थिक व सामाजिक भागीदारी से महिलाओं का उत्थान संभव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानो आशीर्वाद सम्मेलन में उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के समान योगदान दे रही हैं, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की ललक से यह स्पष्ट है कि यदि महिलाओं को अवसर मिले, तो वे नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं। सम्मेलन का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में किया गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने उपस्थितों को शपथ दिलाई। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ी महिलाओं की सफलता पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### तकनीकी व आर्थिक मजबूती पर जोर

उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को तकनीकी व आर्थिक रूप से सशक्त होने की जरूरत है ताकि वे निर्णय लेने की भूमिका निभा सकें। उन्होंने सरकारी योजनाओं, जैसे मंइया सम्मान योजना और सपनों की उड़ान कार्यक्रम, की जानकारी दी, जिससे बालिकाओं को उच्च शिक्षा और करियर में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों से परिचित होने की सलाह दी और कहा कि सही जानकारी सबसे बड़ा हथियार है।

### 602 महिलाएं फूलो झानो आशीर्वाद योजना का ले रही लाभ

जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने बताया कि पलामू जिले में 602 महिलाएं फूलो झानो आशीर्वाद योजना का लाभ उठा रही हैं। इस योजना के तहत शराब बिक्री से जुड़ी महिलाओं को 50 हजार रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है, जिससे वे सम्मानजनक वैकल्पिक रोजगार से जुड़ सकें।

### महिला होना गर्व की बात : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। समाज व सरकार की योजनाओं से जो महिलाएं अब तक नहीं जुड़ी हैं, उन्हें भी इनसे जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरुषों की भी अहम भागीदारी होनी चाहिए।

### महिला सशक्त समाज की पहचान : समाज कल्याण पदाधिकारी

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिला सशक्त समाज की पहचान है। सरकारी योजनाओं के लाभ से महिलाएं सशक्त होकर परिवार और समाज को दिशा दे रही हैं।

### बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सखी मंडल की महिलाएं एवं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

## न्यूज बॉक्स

### आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन शुरू, 20 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**मेदिनीनगर।** निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत पलामू जिले के 18 निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25% सीटें आरक्षित की गई हैं। अभिभावक 20 मार्च तक आरटीई पलामू की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। पात्रता के लिए अभिभावकों की वार्षिक आय 72,000 रुपये से कम होनी चाहिए। नामांकन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र आवश्यक होंगे। पिछले वर्ष आरक्षित सीटों के आधे से भी कम आवेदन आए थे। इस वर्ष कितने अभिभावक रुचि दिखाते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा।

### रसोइया संघ ने 12,000 मानदेय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की पलामू जिला कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर रसोइयों के लिए न्यूनतम 12,000 रुपये मासिक मानदेय की मांग की। रसोइया संघ ने कहा कि सरकार द्वारा मानदेय में मामूली वृद्धि की गई है, लेकिन यह उनके लिए पर्याप्त नहीं है। वे आठ घंटे काम करती हैं, लेकिन उन्हें मजदूरों से भी कम वेतन मिलता है। संघ ने मांग की कि रसोइयों को कुशल श्रमिक का दर्जा दिया जाए, समय पर मानदेय मिले, हर साल दो साड़ियां व एप्रॉन दिए जाएं और पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाए।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड्स जोन की स्थापना



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड्स जोन की स्थापना की गई। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस कार्यालय में आने वाली महिलाओं को सुविधा प्रदान करना है, जिससे वे शिकायत दर्ज कराने के दौरान अपने शिशुओं की देखभाल कर सकें। यह पहल सफल रही तो जिले के अन्य थानों में भी ऐसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। शहर, छतरपुर और हुसैनाबाद की महिला थाना प्रभारियों ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।

### कांग्रेस पार्टी ने पांच सूत्री मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन जन समस्याओं के समाधान को लेकर किया पैदल मार्च

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया और उप विकास आयुक्त को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांगों में मोटेशन और ऑनलाइन कार्य को समय पर पूरा करना, धान अधिप्राप्ति केंद्रों में भ्रष्टाचार समाप्त कर किसानों को शीघ्र भुगतान, चैनपुर-नेवरा रोड की मरम्मत, जीएलए कॉलेज के स्टेडियम को चालू करना और हार्ट मरीजों के लिए कैथ लैब का निर्माण शामिल है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार जनता के लिए काम कर रही है, लेकिन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पा रहा है। कार्यक्रम में विनोद तिवारी, शमीम अहमद रायन, ओमप्रकाश अमन, ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, विद्या सिंह चेरो सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मैट्रिक की अंतिम परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, 270 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा पूर्व में रद्द की गई मैट्रिक साइंस की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले के 76 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 34,665 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 270 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और उड़नदस्ता टीमों ने लगातार निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

### मानवाधिकार आयोग कार्यालय में महिला दिवस मनाया गया, महिला सशक्तिकरण के लिए लिया संकल्प

**मेदिनीनगर।** मानवाधिकार आयोग कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केक काटकर कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संध्या सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए और समाज में बदलाव लाने के लिए संगठित होकर आगे आना होगा। इस अवसर पर कई महिलाओं को सम्मानित किया गया और शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया।

# भूतपूर्व विधायक सचिदानंद त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर अधिवक्ता सम्मान समारोह

- वकालत को समाज सेवा के रूप में अपनाने का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भूतपूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संदीप कुमार दास, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने स्वर्गीय त्रिपाठी को याद करते हुए कहा कि वे समय के पाबंद और समाजसेवा को समर्पित अधिवक्ता थे। उन्होंने वकालत को पैसों से अधिक समाज की सेवा का माध्यम माना। उन्होंने कहा कि अगर अधिवक्ता अपने पेशे में इसी भावना को अपनाएं तो कार्य में संतुष्टि मिलेगी और कोई समस्या नहीं होगी।

कार्यक्रम में संरक्षक शशि भूषण दुबे ने कहा कि सचिदानंद त्रिपाठी का व्यक्तित्व अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। उनका पुण्यतिथि आयोजन उनके कार्यों को जीवंत रखने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी का जन्म 27 अगस्त 1925 को रजवाडीह गांव में हुआ था। उन्होंने 1950 में वकालत शुरू की और 1962 से 1967 तक बिहार विधानसभा के सदस्य रहे। वे डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधि थे। 8 मार्च 1987 को उनका निधन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया। इस दौरान महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। महिला अधिवक्ता अंजुम प्रवीण, छाया सिंह, सुप्रिया रंजन, प्रिया रंजन, कामिनी सिंह, सोनाली सिंह, आस्था प्रकाश जायसवाल और सुरभि सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, वकालत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 12 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्याय की देवी का स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अधिवक्ताओं में उमेश कुमार, धनंजय प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, कामेश्वर तिवारी, दिनेश चंद्र पांडेय, जमाल अहमद, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, लल्लू प्रसाद सिंह, वरुण कुमार सिंह, केदारनाथ चौबे और सैयद आफताब आलम शामिल थे। ये सभी अधिवक्ता करीब तीन दशक से वकालत पेशे से जुड़े हैं। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डीजे अभिमन्यु कुमार, श्वेता ढींगरा, आयशा खान, आभाष कुमार, संदीप निशित बारा, अर्पित श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, कमल प्रकाश समेत न्यायिक पदाधिकारी और दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 46,852 मामलों का निपटारा, 23 करोड़ के दावों का सेटलमेंट

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 46,852 मामलों का निपटारा हुआ और 23 करोड़ 17 लाख 82 हजार 991 रुपये के दावों का सेटलमेंट किया गया। लोक अदालत के संचालन के लिए 15 पीठों का गठन किया गया था। इनमें से 13 पीठ सिविल कोर्ट, पलामू में, 14वीं पीठ हुसैनाबाद अनुमंडलीय न्यायालय में, और 15वीं पीठ छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय में गठित की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के 43,124 और कोर्ट में लंबित 3,728 मामलों का निपटारा किया गया।

लोक अदालत के दौरान न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं की विभिन्न पीठों में तैनाती की गई थी। रिजर्व पीठ में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम श्वेता ढींगरा, जेएम निशिकांत, समीरा खान को रखा गया था। रिजर्व अधिवक्ता के रूप में अजय कुमार पांडेय और पुष्कर राज को शामिल किया गया था। लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह, षष्टम राजकुमार मिश्रा, द्वितीय अखिलेश कुमार, सीजेएम आनंद सिंह, जेएम परमानंद उपाध्याय, रितु कुजूर, अमित आकाश सिन्हा, रेलवे जेएम प्रागेश निगम, जेएम रश्मि चंदेल सहित कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा, उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, हुसैनाबाद एसडीएम पीयूष सिन्हा, छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार, अधिवक्ताओं में बीना मिश्रा, शशि भूषण, हुसैन बारिश, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, संतोष कुमार तिवारी, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, सुधा पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, संजय कुमार सिन्हा, कुमार शिवाजी सिंह, उपभोक्ता फोरम के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, स्थायी लोक अदालत की सदस्य महिमा श्रीवास्तव, एलएडीसी के असिस्टेंट कुमारी नीतू सिंह, अधिवक्ता रामचंद्र सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, युधिष्ठिर गिरी, विभिन्न बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बीएसएनएल सहित दर्जनों विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में तीन साल पुराना वैवाहिक विवाद सुलझा

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच तीन साल से चला आ रहा विवाद सुलझा। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास की पहल पर पति-पत्नी साथ रहने पर सहमत हुए और मुकदमा समाप्त हो गया। विदित हो कि असमीना बीवी उर्फ असमीना खातून ने अपने पति गुलाम रसूल के विरुद्ध 31 अगस्त 2023 को भरण-पोषण का मुकदमा (वाद संख्या 121/2023) कुटुंब न्यायालय, पलामू में दायर किया था। इसमें उन्होंने 20 हजार रुपये प्रति माह भरण-पोषण की मांग की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में सुलह हो गई और उन्होंने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। यह सुलह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास की उपस्थिति में हुई। न्यायालय ने दोनों को प्रेमपूर्वक दांपत्य जीवन बिताने की सलाह दी।

# कन्या भ्रूण हत्या समाज के लिए अभिशाप : डॉ. नीलम होरो

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज में एनएसएस, राजनीति शास्त्र एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीलम होरो ने कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ खड़ा होना होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋचा सहाय ने महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने भी महिला सशक्तिकरण, संविधान में महिलाओं के अधिकार और साहित्य में महिलाओं की स्थिति पर विचार रखे।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. आई जे खलखो ने महिलाओं के योगदान को सराहते हुए समाज में उनके महत्व को रेखांकित किया। बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और एनएसएस स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छह महिला कर्मियों का सम्मान

- शिक्षा और अवसर देना ही महिलाओं का वास्तविक सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने गृहरक्षक दीपा कुमारी और प्रमिला कुमारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी और पूनम रानी, तथा रसोइया शीला देवी और वीणा देवी को अंगवस्त्र और कलम भेंट कर सम्मानित किया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि महिलाएं समाज की केंद्रबिंदु हैं और हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने शिक्षा और अवसर प्रदान करने को महिलाओं का वास्तविक सम्मान बताया, जो उनका अधिकार भी है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के लिए नारी सशक्तिकरण बेहद जरूरी है। इससे पहले प्रार्थना सभा में मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं के प्रति एकजुटता और सम्मान का संदेश दिया गया। इसके अलावा, बच्चों के बीच टॉफियां भी बांटी गईं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधवा सम्मान समारोह आयोजित

# महिलाओं को सशक्त बनने का मिला संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोऑपरेटिव चौक स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट द्वारा विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार और सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। नीता चौहान ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार पुनर्विवाह के इच्छुक महिलाओं को दो लाख रुपए की सहायता प्रदान करती है, जिसका लाभ जरूर उठाना चाहिए।

बिमला कुमारी ने महिलाओं को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिना महिलाओं के कोई घर संपूर्ण नहीं होता, इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी क्षमता को साबित करना चाहिए।

शैलेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विधवा होना किसी के लिए अभिशाप नहीं है। महिलाओं को समाज की रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठकर अपने कार्यों के माध्यम से स्वयं को साबित करना चाहिए। पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें समाज में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संघर्ष करना होगा, लेकिन आत्मविश्वास और साहस से वे हर चुनौती को पार कर सकती हैं। कार्यक्रम में सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद और प्रखर वक्ता ललन प्रजापति ने भी विचार रखे। संचालन शिक्षाविद आनंद कुमार ने किया। समारोह के अंत में उपस्थित महिलाओं को गिफ्ट और चादर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास विश्वकर्मा, शोभा प्रजापति, शैलेन्द्र जी समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

### अटल जी के विचारों से बनेगा समृद्ध भारत : सुनील सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड निमार्ता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष (2024-25) के अवसर पर बीसफूटा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में अटल विरासत सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं झारखंड के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन अद्वितीय नेतृत्व और व्यक्तित्व का उदाहरण है। 1977 के बाद 24 दलों की सरकार को सफलतापूर्वक चलाने का श्रेय अटल जी को जाता है, जिसका प्रभाव आज भी भारतीय राजनीति में दिखता है। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, जिसे अटल जी ने शुरू किया था, आज भी देशभर में विकास की रीढ़ बनी हुई है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा को और ऊंचाई पर ले जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि अटल जी जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे, और उनका जीवन राष्ट्रभक्ति व आदर्शवाद का प्रतीक रहा है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि अटल जी सिर्फ भाजपा ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए युगपुरुष थे। उनका संघर्ष और संवाद कौशल ऐसा था कि विपक्षी दल भी उनके नेतृत्व की प्रशंसा करते थे। उन्होंने कार्यकताओं से अटल जी के विचारों को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, लवली गुप्ता, जय दुबे, शिवकुमार मिश्रा, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अभिमन्यु तिवारी, धीरेंद्र दुबे, विजय कुशवाहा, सतीश पासवान, राजेश सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्वेताग गर्ग, जितेंद्र तिवारी, अजय सिंह, सुधीर प्रसाद, दीपक सिंह, विक्रांत सिंघानिया, मनु तिवारी, कुमार गौरव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़कागांव में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलावती देवी ने की, जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव शिव ध्यान तिवारी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में बच्चों की शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि उत्कृष्ट प्रार्थना सभा, समाचार प्रस्तुति, सामान्य ज्ञान सत्र, मूक अभिनय, हस्तकला, क्राफ्टिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता और 100% उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में समय-समय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रधानाध्यापक शिव ध्यान तिवारी, शिक्षिका प्रतिनिधि प्रतिभा शांडिल्य, अध्यक्ष कलावती देवी, संयोजिका सिंधु बाला तिवारी, बाल संसद के सदस्य अंकित दुबे और शिक्षक अरुण कुमार तिवारी सहित कई अन्य शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## एक नजर

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**कांडी।** थाना के नामजद फरार आरोपी राजकुमार रजवार पिता तिलक धारी रजवार पता ग्राम जतरो थाना कांडी जिला गढ़वा के घर पुलिस ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। मौके पर पुअनि विद्यासागर प्रसाद मौजूद थे।

### मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**डंडई।** मैट्रिक की परीक्षा का शनिवार को संपन्न हो गया। परीक्षा के अंतिम दिन मैट्रिक के परीक्षार्थियों ने साइंस विषय की परीक्षा लिखा। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरही के परीक्षा केंद्र पर 381 छत्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा लिखा। उक्त केंद्र पर शुरू से अंत तक तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के परीक्षा केंद्र पर 309 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला परीक्षा केंद्र पर 485 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। सभी केंद्रों पर 1175 परीक्षार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा लिखा।

### युवक की मौत, गांव में शोक

**कांडी।** थाना क्षेत्र के भिलमा गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय के 27 वर्षीय छोटा पुत्र नीलेश कुमार पांडेय की मृत्यु इलाज के दौरान बनारस स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की रात हो गयी। परिजनों ने बताया कि तीन दिनों पूर्व उसकी तबीयत खराब होने के बाद इलाज के लिए गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर बनारस के लिए रेफर कर दिए। बनारस में एपेक्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति में सुधार नही हुआ। शनिवार को सोन नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम भिलमा में शनिवार को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर सोन नदी के घाट तक पहुंची। मुख्य यजमान और सैकड़ों भक्तों ने हाथों में कलश लेकर यात्रा में भाग लिया। पवित्र सोन नदी के घाट पर विद्वान पंडितों ने अभिमंत्रित जल भरकर उसे शिव मंदिर में लाकर मंदिर के पवित्र स्थान पर कलश स्थापित किया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। महोत्सव में सैकड़ों लोग शामिल हुए और मंत्रोच्चारण के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक उमंग का माहौल बना रहा। कलश यात्रा के साथ ही मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और हवन का आयोजन भी किया गया। इस धार्मिक आयोजन से गांव में एक नया उत्साह और आस्था का माहौल बना है। सभी भक्तों ने मिलकर इस अवसर को धूमधाम से मनाया।

### महिला दिवस पर मुखिया ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**रमना।** मड़वनिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओ के लिए विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उदघाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि अच्छे समाज निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। विकास योजनाओं के क्रियान्यवायन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। भाषण प्रतियोगिता के लिए पूनम देवी, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता के लिए वीणा देवी,कुर्सी रेस के लिए उर्मिला देवी , पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए सुषमा देवी, किरण देवी व स्वच्छता के लिए मुनिया देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत- संगीत और नशा मुक्ति अभियान पर नाटक का मंचन किया। मौके पर बीपीओ प्रभु टोप्पो, सीआई राजकुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# अवैध महुआ शराब बनाने वाली 14 महिलाओं ने शराब नहीं बनाने का लिया संकल्प

- मुखिया ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित
- क्षतिपूर्ति के तौर पर 30 हजार नकद दिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मेराल पश्चिमी पंचायत भवन पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ सतीश भगत पंचायती राज कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, जेएसएलपीएस कोऑर्डिनेटर विशाल कुमार ने मुखिया उर्मिला देवी को बुके देखकर सम्मानित किया। बीडीओ सतीश भगत ने महिला दिवस पर फूलों झानो योजना के तहत स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 25 हजार रुपए का चेक महिला समूह के लोगों को प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवैध महुआ शराब के कारोबार में सम्मिलित 14 महिलाओं सहित सभी लोगों ने शराब नहीं बनाने का संकल्प लिया। संकल्प लेने वाले सभी महिलाओं को मुख्य धारा में जुड़ने के लिए पंचायत के मुखिया उर्मिला देवी द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया व क्षतिपूर्ति के लिए 30 हजार नकद राशि भी दिया गया । कार्यक्रम में बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि सरकार की कई ऐसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही हैं, जिससे जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं जागरुक व शिक्षित होकर अपने हक और अधिकार समझेंगे तभी महिलाओं का विकास होगा। मौके पर जेएसएलपीएस के महिला समूह द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक भी दिखाया गया। इस अवसर पर बीडीसी अंचला देवी, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम, रोजगार सेवक निभा तिवारी, पंचायत सचिव दिलीप रजक, उप मुखिया रवि जायसवाल, जीएसएलपीएस के समीना खातून, दुर्गावती देवी, आरती कुमारी, रेहाना खातून, ललिता देवी, किरण देवी, गीता देवी, प्रियंका कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### बलिगढ़ व भवनाथपुर जीते मैच

**केतार।** मां चतुभुजी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मैच खेला गया। पहले मैच में बलीगढ़ ने बांसडीह को 33 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बलिगढ़ कि टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 115 रन बनायें। नीरज कुमार ने 18 गेंद में 56 रन की आतिशी पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी बांसडीह टीम ने 9 ओवर में 78 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नीरज कुमार को मिला। दूसरे मैच में भवनाथपुर ने केतार को चार रन से हरा दिया। बल्लेबाजी करते हुए भवनाथपुर कि टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 103 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी केतार की टीम 99 रन ही बना सकी। इस तरह भवनाथपुर ने चार रन से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच भवनाथपुर के आनंद को मिला।

## न्यूज बॉक्स

### जेएसएलपीएस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में शनिवार को पुरैनी ग्राम स्थित पंचायत भवन विलासपुर कलस्टर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुलहुला खुर्द पंचायत मुखिया सुशीला देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद एसआरपी वाजदा खातून व उनके सहयोगियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कलस्टर की महिलाओं ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मुखिया सुशीला देवी ने उपस्थित महिलाओं को महिला सशक्तिकरण व उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिये विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मौके पर अध्यक्ष सीमा चौबे, सचिव विमलेश देवी,सीसी राजकुमार राम,मनोज कुमार,आईपी आरपी जाबिर हुसैन,जेआरपी पिंकी देवी,सबिता देवी,बैंक सखी चंचला देवी,प्रीति देवी,परी देवी,पूजा देवी,सुलेखा देवी,पूनम देवी,रिंकू देवी,खुशबू देवी,कंचन देवी,रीना देवी,शशिप्रभा, प्रतिमा देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खरौंधी।** प्रखंड के अरंगी पंचायत भवन सभागार में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जेएसपीएल समूह की दीदियों द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी और मुखिया फूल कुमारी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने महिलाओं को जागरूक होने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1909 में संयुक्त राज्य अमेरिका में मनाया गया था। 1977 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक मान्यता दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे वह राजनीतिक, सांस्कृतिक या शैक्षिक क्षेत्र हो। प्रखंड के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को महिलाओं के लिए एक मील का पत्थर बताया और कहा कि ऐसे आयोजन से महिलाओं में जागरूकता आएगी। साथ ही वह आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा, मुखिया फूल कुमारी देवी, पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव, सीमा देवी, सतवंती कुमारी, कंचन कुमारी, नीलम देवी, सोनी देवी, राधिका देवी, प्रताप सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

### आपसी भाईचारे के माहौल में मनायें होली: थाना प्रभारी

**केतार।** होली, रामजान पर्व को लेकर शनिवार को केतार थाना परिसर में थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी कि अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदायों के बड़ी संख्या प्रबुद्ध लोग व पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बैठक में उपस्थित लोगों से शांति व खुशनुमा माहौल में रंगों का त्योहार होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा जबरन रंग किसी को नहीं लगायें। होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों से पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैले अफवाह से बचने, किसी तरह कि अनहोनी कि सूचना पुलिस को देने और मुस्लिम समुदाय के लोगों को जबरन रंग नहीं लगाने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने शराब बिक्री पर नकेल कसने और बालिका आवासीय विद्यालय के समीप पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग किया। मौके पर एसआई आदित्य कुमार, एएसआई वेंकेटेश शर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, कर्मचारी प्रकाश कुमार,राम बिचार साहू, मुखिया मूंगा साह, श्याम सुंदर बैठा,प्रमोद कुमार, मनोरंजन गुप्ता,त्रिपुरारी सिंह, कुण्डल सिंह, राजू सिंह,उदय प्रसाद, नागेन्द्र ठाकुर, गुडन पासवान,हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, रेयाज अंसारी, संजय पाल, राजनाथ राम, रमेश राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दो मुसहर परिवारों का अबुआ आवास योजना के तहत घर निर्माण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के भवनाथपुर प्रखंड में बीडीओ नंदजी राम ने शनिवार को अबुआ आवास योजना के तहत एक मुसहर परिवारों के लिए घर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद बीडीओ दूसरे निर्माण हो रहे आवास का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना गरीबों और बेघर परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। बताया कि दोनो मुसहर परिवार का घर प्रखंड कर्मियों के देख रेख में बनाया जा रहा है, ताकि इन दोनों का घर पूर्ण रूप से बन जाने के बाद बाकी के भी मुसहर परिवार के लोग घर बनाने के लिए प्रेरित होंगे, और पैसा मिलने के बाद अपना अपना घर बना लेंगे। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत समाज के सबसे वंचित वर्गों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और समय पर पूरा करने का निर्देश दिए। लाभार्थी परिवारों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सोनी मुसहरिन और रिंकी मुसहरिन ने कहा कि अब तक वह कच्चे और अस्थायी घरों में रह रही थीं, लेकिन अबुआ आवास योजना से उन्हें स्थायी छत मिलने जा रही है। इससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। मौके पर मनरेगा बीपीओ आनंद रजक,जेई कुमार वरुण , परमेंद्र विश्वकर्मा, आवास कोऑडिनेटर अशोक प्रसाद मौजूद थे।

## पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव में शनिवार कि सुबह संदिग्ध अवस्था में लखू रजवार (45)का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मिली जानकारी के अनुसार लखू रजवार रात्रि में खाना खाकर घर के बाहर कटहल पेड़ के पास सोए थे। जब परिजनों ने शनिवार कि सुबह देखा तो उनका शव कटहल पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना को दी। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा दिया। इस घटना से गांव में शोक है। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन नहीं मिला है। प्रथमदृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। फिलहाल इसकी तहकीकात की जा रहा है।

### मैट्रिक परीक्षा के अंतिम दिन साइंस विषय की परीक्षा संपन्न

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के तहत अंतिम दिन शनिवार को विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई है। परीक्षा के अंतिम दिन प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई थी, जिसे परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का दौरा चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, दंडाधिकारी संजय कुमार मेहता, पर्यवेक्षिका पुष्पा कुमारी, केंद्र अधीक्षक मंसूर अंसारी, शिक्षक अरुण मेहता, समीर राज, गोविंदा कुमार, चंद्रमौलेश्वर पांडेय, राजीव रंजन तिवारी, एएसआई ओमप्रकाश पासवान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## रमजान व होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना परिसर में शनिवार को होली व रमजान पर्व को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। बैठक होली और रामजान पर्व को शांतिपूर्वक और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रमोद कुमार ने की। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, एसआई नसीम अंसारी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संकल्प लिया। सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि त्योहारों के मौके पर शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने दोनों समुदायों से अपील की कि वह अपने पर्व शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाएं। इसके अलावा, पुलिस द्वारा सभी सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने भी बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है और समाज में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि किसी भी तरह की भ्रामक और अफवाह वीडियो पर विश्वास ना करें। किसी भी तरह की असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति भंग करने और विघ्न उत्पन्न करने का प्रयास करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते अशांति फैलाने वाले और सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जा सके। बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी, विवेक सोनी, मुखिया महताब आलम, मुखिया पति इंदल सिंह, मुखिया पति रमेश पासवान सहित दोनों समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।

### होली से दो दिन पूर्व क्षेत्र में पुलिस गश्त शुरू रहेगी : थाना प्रभारी

**भंडरिया।** थाना परिसर में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम की अध्यक्षता में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का संकेत दिए हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को भरोसा दिलाया कि होली शांतिपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी। साथ ही दोनों समुदायों के लोगों ने एक स्वर में कहा कि भंडरिया थाना क्षेत्र में हमेशा से त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाता रहा है। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम ने बताया कि होली से दो दिन पूर्व से पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज कर दी जाएगी। शराब बिक्री व सेवन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी राकेश भूषण ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### विश्वकर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित नवनिर्मित भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह यात्रा चंद्री लोहरपुराव मुख्य बाजार होते हुए कोयल नदी के संगम घाट तक पहुंची। वहां जल भरकर श्रद्धालुओं ने कलश को मंदिर परिसर में लेकर जाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना की। यह कलश यात्रा राधा कृष्ण मंदिर के प्रतिष्ठित बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में संपन्न हुई। उन्होंने इस धार्मिक आयोजन को अपने मार्गदर्शन से और भी गरिमा प्रदान की। इस यात्रा के माध्यम से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी की गई, जो आगामी तीन दिवसीय वैदिक महायज्ञ का हिस्सा है। इस महायज्ञ के अंतर्गत 10 मार्च 2025 को भगवान विश्वकर्मा की प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण के साथ संपन्न होगी। इसमें नगरवासियों का उत्साह देखने लायक रहेगा। 11 मार्च 2025 को महायज्ञ का सफल समापन होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध बाल कथावाचक द्वारा श्रद्धालुओं को धार्मिक कथा श्रवण कराया जाएगा। धार्मिक महायज्ञ के आयोजन में सेवानिवृत शिक्षिका सत्या दुबे, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा देवी, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ के आयोजन ने क्षेत्र में एक नई धार्मिक चेतना का संचार किया है।

**बैठक**

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, लिये गये निर्णय

# पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं: एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना परिसर में शनिवार को होली, सरहुल पूजा व रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार, अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, थाना प्रभारी अमित कुमार, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित थे। बैठक में त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अफवाहों से बचने पर चर्चा की गई। एडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने कहा कि सभी पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। ऐसे में समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर इनका शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना चाहिए। बीडीओ सुबोध कुमार ने सभी वर्गों को पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अनुरोध किया। अंचल अधिकारी ने कहा कि त्योहारों में सभी समुदायों की भागीदारी जरूरी है, जिससे सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहे। आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती और गश्त बढ़ाई जाएगी। लोग अफवाह से बच्चे। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से सतर्क रहने की अपील। किसी भी विवाद या समस्या के समाधान के लिए तुरंत चिनियां पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान डीजे बजाना प्रतिबंध है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर मंगरु सिंह खरवार,दयानंद रवि, बंशीधर यादव, बिंदु यादव, विनोद प्रसाद,अर्जुन प्रसाद, गोपाल शाह, अवधेश यादव, एएसआई नवीन कुमार राणा, संतोष प्रसाद, राधेश्याम राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 32/2024–25**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्यय नगर भवन (टाउन हॉल) स्थित Stage का Centralized A.C का मरम्मति हेतु विधुत सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/ कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक 17.03.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 ऑन–लाईन करना अनिवार्य होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक **17.03.2025 को 2:00** बजे **अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL NO | NAME OF ITEM | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Daikin VRVX30HP Heat pump Model RXUYQ30 | 01 Pcs. |
| 2 | Daikin VRVXREFNET BHFP100 | 01 Pcs. |
| 3 | Diakin VRV X REFNET 72T | 01 set |
| 4 | Installation of Outdoor Units, Copper Piping Work, leak testing with N20, Gas Charging and Complete Commissioning of System | LOT |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348141 District(24-25).D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 26/2024–25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: 66 एवं 69/07.03.25 (अनाबद्ध)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा नगर | चतरा नगर | विनय भारती पार्क के पीछे तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 9989200 | 10000 | 200000 | 06 माह |
| 02 | गिद्धौर | द्वारी | द्वारी | पंचायत भवन से मुख्य पथ तक पीसीसी पथ निर्माण। | 4551900 | 5000 | 91500 | 04 माह |
| 03 | लावालौग | रिमी | टिकदा | टोला खाखर में बलराम गंझू के घर से श्मषान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2655400 | 5000 | 54000 | 04 माह |
| 04 | लावालौंग | रिमी | मलगु | बिरहोर टोला में नाला पर पुलिया निर्माण। | 4386100 | 5000 | 88000 | 04 माह |
| 05 | कुन्दा | कुन्दा | कुन्दा | कुन्दा चौक से प्रखण्ड कार्यालय भवन तक पीसीसी पथ निर्माण। | 4722100 | 5000 | 94500 | 04 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19/03/2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 20.03.2025 से 26.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.03.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636

10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.348144 District(24-25):D

# बोदा पिकेट जवान ने तीन ग्रामीणों को पीटा रोजा रखे एक युवक की हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा पुलिस पिकेट के जवान ने बोदा गांव के तीन युवकों की जमकर पिटाई कर दी। घायलों में नसरुद्दीन अंसारी,इमरान अंसारी और हसमतुल्लाह अंसारी सभी बोदा (चंदवा) के नाम शामिल है। मामला शुक्रवार संध्या की है। इस संबंध में नसरुद्दीन अंसारी की पत्नी राबिया खातुन ने चंदवा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि शुक्रवार 7 मार्च की शाम पांच बजे मेरे पति नसरूद्दीन अंसारी व मेरा भतीजा इमरान अंसारी और हसमतुल्लाह अंसारी पास के पुलिस कैंप के तरफ टहलने गए थे। इन लोगों ने वहां तैनात पुलिस कर्मी से अनुमति भी ली थी। तभी वहां सिविल ड्रेस पहने एक पुलिस जवान बिना किसी वजह के इन तीनों को लाठी से जमकर पिटाई कर दी।



तीनो युवक रोजा रखे हुए थे। इस घटना में नसरुद्दीन अंसारी को गंभीर चोट आयी है। साथ गये दो लोगों के शरीर में चोट के निशान हैं। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया है। वहां डॉ, नीलिमा ने उनका प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल नसरुद्दीन को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पुनि सह थानेदार रणधीर कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे व घायल युवकों से मिल उनका हाल जाना। घायल युवक की पत्नी ने घायल युवकों को इंसाफ दिलाने व इलाज के लिए उचित मुआवजा सहित दोषी पुलिस जवान पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में चंदवा थानेदार ने कहा कि उक्त मामले की जांच की जा रही है। पुलिस मामले को लेकर अग्रेतर करवाई में जुट गई है।

### मारपीट की घटना की निंदा की

**चंदवा।** समाज सेवी जुनैद अनवर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चंदवा थाना क्षेत्र के बोदा गांव में निर्दोष रोजेदार की पिटाई मामले में लातेहार एसपी से दोषी जवान के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। जुनैद अनवर ने कहा कि चंदवा थाना के बोदा की घटना निंदनीय है। पुलिस लोगों के हिफजात के लिए होती है। शोषण और मारपीट के लिए इफ्तार के समय जब लोग भूख और प्यास के सिद्दत में होते हैं, ऐसे में उन्हे बिना कोई दोष के भूख और प्यास के हालत में लाठी डंडों से पिटा जाना पूरी तरह से अमानवीय है।

## समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अतुलनीय : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेएसएलपीस महिला समूह द्वारा कुंदा बजार टांड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला समूह की सदस्यों ने अपने अनुभवों और चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। जेएसएलपीएस बीपीएम सतेंद्र ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ है। उनका सहयोग सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज के विकास मे महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। बीडीओ ने महिलाओं से आग्रह किया कि वह अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व अधिकार मित्र संजय चौधरी, मुन्ना दास, किरण कुमारी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### पर्यवेक्षिकाओं को ग्लूकोज व पुस्तक भेंट कर किया सम्मानित

**लातेहार।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में आरोग्य भारती के सौजन्य से महिला पर्यवेक्षिकाओं को ग्लूकोज के साथ स्वस्थ्य जीवन शैली जीने से संबंधित बुक भेंट किया गया। आरोग्य भारती के प्रांतीय सचिव राजेश कुमार शर्मा ने ग्लूकोज व पुस्तक भेंट करते हुए कहा कि महिलाओ को सम्मान देने से ही देश को पिछड़ेपन से आगे निकाला जा सकता है। नारी शक्ति से बढ़कर कोई शक्ति नही है। महिला प्रकृति की जननी है। आरोग्य भारती की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दर्जनों अन्य महिलाओं को ग्लूकोज व जीवन जीने की शैली नामक पुस्तक भेंट किया।

## न्यूज बॉक्स

### धूमधाम से मनायी गयी महिला दिवस

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातु पंचायत स्थित सिमरातरी गांव में संचालित माइक्रो लर्निंग सेंटर में शनिवार को विश्व महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार थे। मौके पर महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी भी मौजूद थे। बताया गया कि यह कार्यक्रम मालाबार ग्रुप के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुष से पीछे नहीं है। उन्हें हमें तिरस्कार नहीं सम्मान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन एमएलसी शिक्षक जयप्रकाश कुमार वर्मा ने किया। मौके पर समाज सेवी आशीष कुमार, राजेश कुमार सहित महिलाएं, बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।

### 6 माह से खराब है लाधूप महतो टोला का ट्रांसफार्मर

**चंदवा।** प्रखंड के लाधूप पंचायत अंतर्गत महतो टोला में करीब 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने विभाग से कई बार बात की, लेकिन अभी तक ग्रामीणों की समस्या नहीं सुनी गई। ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। बता दें कि उक्त क्षेत्र में हाथियों का अवागमन भी रहता है। ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से ग्रामीणों में काफी रोष है। इससे पूर्व जिला परिषद के ग्रामीणों को ट्रांसफर्मर उपलबद्ध कराया गया था। मौके पर पंसस बंधन गंझू, ग्रामीण अर्जुन उरांव, सुलेंद्र उरांव,मोनिका सोरेन, सुबधनी लकड़ा,ममता देवी, आनंद कुजूर समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एकदिवसीय कार्यशाला में सुनी गई जन वितरण दुकानदारों की समस्याएं

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में शनिवार को जिला आपूर्ति विभाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय जन वितरण प्रणाली दुकानदार का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जॉन कुमार मरांडी ने की। कार्यशाला में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की समस्याएं सुनी गई व उनकी समस्याओं के समाधान को ले उच्च पदाधिकारी को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया। प्रखंड के विभिन्न गांव से पहुंचे लाभुकों से भी ऑन द स्पॉट संवाद किया गया। इसमें जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा खाद्यान्न से संबंधित संवाद किया गया। सामग्री के वितरण से संबंधित की गई संवाद के बाद संतुष्टि जाहिर किया गया। दुकानदारों को होली के पहले सभी लाभुकों के बीच खाद्यान्न सहित अन्य सामग्री का वितरण करने का निर्देश दिया। किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से सीधा संवाद करने की अपील की गई।आपूर्ति विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दुकानदारों को जन वितरण से संबंधित सभी जानकारी देने व जागरूक करने को कहा गया। कार्यशाला में सीताराम दांगी,ऋतुराज दांगी, मोहम्मद निसार, महावीर पासवान,राजेश कुमार, शारदा देवी, गुलाबचंद दांगी,अजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में शनिवार को श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर से कलश उठाकर धूमधाम से गजेबाजे के साथ जयकारा लगाते हुए। राजाथान नदी पहुंच वैदिक मंत्रों के साथ कलश में जल भरकर वापस जयकारे लगाते हुए शिव मंदिर पहुंची। वहां विधि विधान के साथ संकल्पित कलश स्थापित किया गया। इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष पदुम यादव ने कहा कि आज से तीन दिनों तक यह महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास ग्रामीण से अपील करते हुए कहा कि इस महायज्ञ में आवश्य आएं।वहीं समिति के अध्यक्ष पदूम यादव, रवि प्रकाश, राजेश राम, शंभू प्रसाद ,मंगल गंझू ,खेमलाल गंझू, रूपलाल राणा , करम साव,महेंद्र साव, दिनेश राम ,अशोक राम ,मुकेश राम ,राजेंद्र राम ,चंदन राम ,कुलेश्वर राम ,चौहान राम ,प्रकाश राम,जोधन राम, पवन राम ,मोहन गंझू, भोला कुमार सहित सैकड़ो भक्त शामिल हुए।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक
## उपद्रवियों पर रखी जाएगी पैनी नजर : थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ दीपक मिश्रा की अध्यक्षता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया। बैठक में होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बुद्धिजीवी वर्ग के लोग व पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि होली के दौरान उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। होली के दौरान यदि कहीं भी किसी भी तरह की अप्रिय सूचना प्राप्त हो तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे पर अश्लील गाना बजाना व मदिरा की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शांति समिति की आयोजित बैठक में मुखिया भरत यादव,उपेंद्र पासवान, मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, अनिल यादव, सतेंद्र सिंह,अर्जुन पासवान,अधिकार मित्र अजीत कुमार, एसआई श्रीकांत पांडेय, एएसआई नागेश्वर पंडित अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 हजार 500 वादों का निपटारा

» सात करोड़ 2 लाख 74 हजार 974 रुपए का सेटलमेंट

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार व झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेश पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्धघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। उन्होंने जिला के न्यायिक पदधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पीएलवी व वादकारियों को बढ़चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही झारखंड में लोक अदालत के माध्यम से वादों का निष्पादन संख्या बेहतर है। उन्होंने महिला दिवस पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज, राज्य एवं देष की उन्नति में उनके भागीदारी की सराहना की। लोक अदालत में 12 हजार 500 वादों का निपटारा किया गया। साथ ही सात करोड़ 2 लाख 74 हजार 974 रुपए का सेटलमेंट हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लीटिगेशन व लंबित मामलों में वादों का निष्पादन किया गया।

### सखी मंडल को दिये गये 32 लाख रुपए

राष्ट्रीय लोक अदालत में जेएसएलपीएस के तत्वावधान में स्थानीय सखी मंडल को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह द्वारा 32 लाख रुपए का चेक दिया गया। उन्होंने चेक लेने वाली महिलाओं को अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया गया। कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन ने वर्षों से अलग रह रहे दो जोड़ों को मिलाया। पहले मामला में ग्राम कमता, थाना चंदवा की रहने वाली तमन्ना बीबी की शादी साल 2023 में इस्लाम रीति रिवाज के नावागढ़ा, जिला लातेहार में हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। दोनों अलग रहने लगे, इसके बाद तमन्ना बीबी ने पति पर भरण पोषण का केस कर दिया। दूसरे मामले में लालमुनी देवी ग्राम डाढ़ा टोला डूमरी, थाना बारियातू जिला लातेहार की शादी 2013 में रामदेव उरांव के साथ हुई थी। साल 2023 में दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद लालमुनी देवी ने भरण पोषण का केस कर दिया। दोनों जोड़ा अलग होना चाहते थे, लेकिन न्यायाधीश राजीव रंजन के समझाने-बुझाने पर साथ रहने को राजी हो गये। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने दोनो जोड़ों को उपहार व मिठाई खिलाकर विदा किया। साथ ही बच्चों के भविष्य जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला व अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला व अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे, सीजेएम अब्दूल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद थे।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने की। संचालन थाना प्रभारी उमेश राम ने किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। एसडीपीओ ने दोनों समुदायों के लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ रंगों का त्योहार हर्ष पूर्वक मनाने की अपील की। सीओ विजय दास ने कहा कि होली के असमाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर बनाए रखेगा। थाना प्रभारी ने होली के दौरान अवैध शराब की बिक्री, अड्डेबाजी व सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दिया। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, एसआई रामजी सिंह, नवमी सिंह, सुभान मियां, विकास पांडेय, कुलदीप दास, उपेन्द्र पांडे, महावीर साव, सुबेश राम, राजेश चौधरी, संदीप सिंह, ईश्वरी साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन
## महिलाएं सहनशीलता व शक्ति की प्रतीक : समीर टोप्पो

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय के लेक्चर थिएटर हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजनीति विज्ञान विभाग और महाविद्यालय के जेंडर इक्विटी सेल द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान प्रदान करना था। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' रखी गई है। जिसका मतलब 'कार्रवाई में तेजी लाना' है, जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति में तेजी लाने की जरूरत पर जोर देती है। मौके पर सभी लोगों ने एक दूसरे को आपस में बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। डॉ. फादर समीर टोप्पो ने कहा कि जब एक पुरुष को शिक्षित किया जाता है, तब एक पुरुष ही शिक्षित होता है, लेकिन जब एक महिला को शिक्षित किया जाता है तब एक पीढ़ी शिक्षित होती है। महिलाएं धैर्य और शक्ति की प्रतीक हैं। जिस समाज में महिलाओं का आदर सत्कार नहीं होता है वहां सम्मानजनक स्थिति प्राप्त नहीं होती है। वह समाज कभी भी विकसित नहीं हो सकता है । महिलाओं के सम्मान में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े कविताओं और गीतों को भी छात्र छात्राओं को प्रस्तुत किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर शिल्पी होरो ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को इसके इतिहास को विद्यार्थियों के समक्ष बेहतरीन तरीके से रेखांकित किया और छात्र छात्राओं को यह जानकारी प्रदान की कि क्यों यह दिवस महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। असिस्टेंट प्रोफेसर प्यारी कुजूर ने महिलाओं के सम्मान में गीत और संदेश प्रस्तुति की। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष और असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने कहा कि एक महिला मां, बहन, बेटी और पत्नी हर किरदार बखूबी से निभाती है।

### शांति व्यवस्था को भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीपीओ

**बालूमाथ।** अंचलाधिकारी विजय कुमार के अध्यक्षता में धूमधाम से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने के लिए थाना परिसर में शांति समिति का बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी के अलावा बालूमाथ पुलिस एसडीपीओ विनोद रवानी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरूवा, थाना प्रभारी के साथ जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रमुख बालूमाथ, रजवार पंचायत मुखिया सहित जनप्रतिनिधि के साथ प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में रमजान के साथ होली का पड़ रहा है। इसे लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही दोनों पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कोर्ट के आदेश पर अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि होली में डीजे बजाना पूरी तरह बंद रहेगी। होली पर्व में नशा युक्त पदार्थ बेचना पूरी तरह से पाबंद रहेगा। एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि होली में आपसी दुश्मनी भूल कर लोग एक दूसरे के गले मिलते हैं। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों प्रशासन कार्रवाई करेगी। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, भाजपा नेता शैलेश सिंह अमित कुमार, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मुखिया सुरेंद्र उरांव, मो. इमरान, मुखिया उर्मिला उरांव मो. नौशाद महावीर उरांव, त्रिवेणी साहू मो.जुबेर, उदय यादव, धनेश्वर ठाकुर, राजेंद्र यादव, चंद्रमणि यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# महिलाओं को शिक्षा, रोजगार व निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलने से पूरा समाज आगे बढ़ता है : उपायुक्त

» उत्कृष्ट कार्य करने वाली व एसएलआरएम के तहत प्रशिक्षित जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों व अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन के तहत अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया व एसएलआरएम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशिक्षण के क्रम में उत्कृष्टता के लिए शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।



उपायुक्त ने बरवाडीह प्रखंड की एसएलआरएम प्रशिक्षित नेहा कुमारी, अंबिका देवी को एसएलआरएम के लिए सर्वे पत्र देकर शनिवार से डोर टू डोर सर्वे की शुरूआत की। उपायुक्त ने मौके पर जिले वासियों को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। इस दिन हम न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं, बल्कि यह भी संकल्प लेते हैं कि हम उन्हें समान अवसर देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला वरीय पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा , जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, जेएसएलपीस डीपीएम संतोष कुमार, अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### शहर के डेमटोली में जलमीनार खराब पेयजल संकट गहराया



**चंदवा।** गर्मी आने के पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। शहर से सटे डेमटोली में जल नल योजना द्वारा लगाया गया जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। उक्त टोले में पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया रंजीत उरांव को पेयजल समस्या से अवगत कराया है। मुखिया ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और कहा कि पेयजल विभाग और ठेकेदार को उक्त समस्याओं से आवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई पहल विभागीय अधिकारी के द्वारा नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस ओर पहल कि मांग की है।


**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

पत्रांक– 211/ दिनांक– 07.03.2025

**अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 17/2024–25**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 20.03.2025 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र का बस/407 /607/सभी मालवाहन/ जिप/टैक्सी/ठेला /फुटपाथ टॉल टैक्स संकलन | 986700.00 | 98670.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिऑव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 19.03.2025 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिऑव से दिनांक .17.03.2025 से 18.03.2025 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 348142 Urban Development(24-25)#D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice, (Short Notice)**

Tender Ref. No.-21/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 06.03.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road from Khodhi Ambedkar Chowk to Sohdag Siwana Road, under block Chhattarpur, Palamu. | Rs. 7612100.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road from Nawa NH - 98 main road to Harijan tola via piprahi tola at Chhattarpur, Palamu | Rs. 5562200.00 | 03 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17-03-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-03-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 26-03-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- पहला *Call* का पी0आर0 संख्या:– *PR.NO. 340791 Building(24-25):D*
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 348139 Building(24-25)#D

## शंख धारा महिला विकास मंडल का वार्षिक सम्मेलन सह महिला महाअधिवेशन आयोजित, बोले सुखदेव भगत

# सही ढंग से करें काम, तो मिलेगी और भी सफलता

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** सिर्फ एक हल जोतने के अलावा हमारी माताएं बहने पुरुषों से भी ज्यादा कर रही हैं काम। उचित विषय, सही स्थिति व मार्केट डिमांड के अनुसार काम करे तो और भी सफल होंगी। उक्त बातें कुडू प्रखंड के मंगल बाजार में शनिवार 8 मॉर्च को आयोजित शंखधारा महिला विकास मंडल के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए स्थानिय सांसद सुखदेव भगत ने कही। उन्होने कहा कि सोनिया गांधी ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई काम किए हैं। आज राज्य या हमारे क्षेत्र में काम की कमी नही है। बावजूद इसके यहां के मजदूर बाहर पलायन करते हैं। वैसे लोगों को पलायन करने से रोकने के लिए सरकार ने पलास के माध्यम से एक बड़ा मंच दिया है। नया महिला मंडल बनाए, बैंक से हर महिला मंडल के एक से डेढ़ लाख तक हम बैंक से शिविर लगवाकर फंड देंगे। हमें आपके विकास के लिए डीसी, मुख्यमंत्री सहित सभी जगहों पर बोलकर काम करेंगे। हमने सरना धर्म कोड का मुद्दा लोकसभा में उठाए। नशापान पर उंन्होने कहा कि हमारे परिवार का सबसे बड़ा दुश्मन नशापान है इसे त्यागना अत्यंत जरूरी है। छोटा-छोटा चीज से हम आगे बढ़ सकते है।

शराब बेचना छोड़कर वैकल्पिक कार्य महिलाओं को करना चाहिए। विधवा कमजोर महिलाओं को डायन बिसाही कह कर परेशान किया जाता है ये बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नही है। इस दौरान उन्होंने बारी बारी बारी से सभी महिला मंडलों की सदस्यों से मिले और उनके साथ तस्वीर खिंचवाई।




### सांसद ने किया मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन, मिलेगी निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

लोहरदगा। सांसद सुखदेव भगत ने सदर अस्पताल परिसर में मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि यह मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन (मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल) के जरिये उपलब्ध होगा जिसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी। लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन,दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जायेगा।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ........ दिनांक ........

**आवश्यक सूचना**

(PR.NO.-345852)

कार्यालय ज्ञापांक 465 दिनांक 05.02.2025 से निविदा संख्या UDHD/MMC/31/2024-25 द्वारा इंडोर स्टेडियम निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348131 (District) 24-25 (D)


## न्यूज | बॉक्स

### खनन क्षेत्र में हिंडालको सीएसआर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग के तत्वावधान में सीएसआर विभाग के निर्देशन में खनन क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर प्रमुख नीरज कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई। बगडू में जहां सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा, अमती पानी चिरोड़ीह में दीपक सिंह, कुंजाम में मनोज चौधरी, बिमरला में अभय भारती, पाखर में सुरेंद्र सिंह, टोरी में अनन्या डे की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला समूहों के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी, सहिया, एएनएम आदि को पुष्प गुच्छ, अंग प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके कार्यों को सराहा गया एवं मौजूदा समय में महिलाओं की भूमिका सभी क्षेत्रों में बढ़ती जा रही है। यह बताया गया कि महिलाएं अब कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों से पीछे नहीं हैं। मौजूदा समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। चाहे वह स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा सुरक्षा एवं विज्ञान तकनीकी सभी क्षेत्रों में उनका श्रेष्ठतम सेवाएं दी जा रही है। अतः महिलाएं महिलाओं की भूमिका मौजूदा समय में श्रेष्ठतम बताया गया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से सड़क पार कर रहा युवक घायल, रेफर

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के बजरंग ढाबा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह गांव निवासी बहादुर उरांव का 25 वर्षीय रवि उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार युवक सड़क पार कर रहा था तभी एक तेज रफ़्तार वाहन ने चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां से सर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

### बगडू में हिंडालको ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की




**किस्को।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभात लोहरदगा द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत जामुन टोली ग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग के झारखंड सेवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बने एवं आगे बढ़े कार्यक्रम में बगडू की मुखिया रानी मिलने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही है और कंधा से कंधा मिलाकर मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही है। बीस सूत्री अध्यक्ष किस्को पुनिया देवी ने कार्यक्रम की सराहना की और अपने विचार में सबों को जोड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं का जागरूकता करना ही उद्देश्य है। जिसमें अपने अधिकारों को जानने तथा प्रत्येक क्षेत्र में समानता एवं सशक्तिकरण किया जा सके। कार्यक्रम में आकाश प्रजापति, अमृता कुमारी, राजकुमारी देवी, प्रकाश भगत समेत ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहे।

### शहादत दिवस पर याद किए गए स्व. तिलेश्वर साहू

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश तेली उत्थान समाज सह झारखंड प्रदुषण बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष स्व तिलेश्वर साहु के शहादत दिवस पर शनिवार को कृषि बाजार के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर समाज के संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू ने कहा कि तिलेश्वर साहू की हत्या आज ही के दिन महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के मंच पर राजनितिक षड्यंत्र के तहत कर दिया गया था। स्व तिलेश्वर साहू सिर्फ तेली समाज के नेता नहीं थे बल्कि सभी समाज एवं सभी धर्मावलम्वी के नेता थे। झारखंड में बहुत कम समय में ही सर्वमान्य नेता के रूप में उभर कर आगे बढ़ रहे थे पर उनके राजनितिक विरोधियों को राजनिति के क्षेत्र में खतरा महसूस होने लगा जिसके कारण उनकी हत्या कराया गया। उनके हत्या से तेली समाज का कद्दावर नेता खो दिया। जिसका भरपाई निकट समय में नही हो सकता। तेली समाज उनके सपनों को पुरा करने में हर तरह से लगा हुआ है। तेली समाज सभी जिलों में संगठित है। मौके पर संरक्षक सह कोर कमिटी संयोजक प्रो शिवदयाल साहू, मनोज साहू, संरक्षक लाखपती साहू, बजरंग साहू, दिनेश प्रसाद, राजा साहू, बिंदेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी व पुस्तक मेले का आयोजन

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में 8 मार्च को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला 2024-25 का आयोजन नगर भवन प्रखंड परिसर लोहरदगा में किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा, अभिजीत कुमार, नगर प्रशासक नगर पर्षद लोहरदगा, मुक्ति कीडो,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलिन सुरीन, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार, लीगल एडवाइजर तृषा पांडे आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिले के सातों प्रखंडों के चयनित प्रतिभागियों के बीच कराया गया।

# मोटरसाइकिल की चपेट में आई तीन बच्चियों को लगी हल्की चोटें



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दर्घटना में छोटी मस्जिद सेन्हा के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित हो तीन बच्चियों को टक्कर मारा जिसे बच्चियों के सिर व हाथ में हल्की चोट। सेन्हा थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद सेन्हा में एनएच 143 ए पथ पर बाइक चालक अनियंत्रित हो तीन बच्चियों को टक्कर मार दिया। घटना में तीनो बच्चियों को सिर और हाथ में हल्की चोटें आई है। स्थानीय लोगों के सहयोग सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पंहुचाया गया। जहां चिकित्सक डॉ0 श्रेया प्रसाद की निगरानी में इलाज किया गया। सभी घायलों की पहचान सेन्हा मुस्लिम मुहल्ला निवासी साजिद अंसारी के 4 वर्षीय पुत्री सिफा खातून, अयूब अंसारी के 3 वर्षीय पुत्री फलक नाज और जसीम अंसारी के 5 वर्षीय पुत्री इल्तिजा खातून के रूप में किया गया। वही मोटरसाइकिल चालक बदला नवाटोली निवासी बस्ती उरांव ने बताया कि अपनी स्प्लेंडर बाइक जे एच 0 1 बी 2375 से अपनी पुत्री को सिसई पंहुचाने गए थे। जिसे सिसई से लौटने के क्रम में गाड़ी चलाने के दौरान आंख बंद हो गया। और मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और बच्चियों से जा टकराया फिलहाल तीनो बच्चियों को प्राथमिक उपचार के पश्चात डॉ0 श्रेया प्रसाद ने बताया कि बच्चियों को हल्की चोटें लगी है। और सभी खतरे से बाहर हैं। जिसे बताते हुए घायलों को घर भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भंडरा।** भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी टंगरा टोली के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डा. ओम कुमार ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जमगाई गांव निवासी भूखला उरांव के पुत्र ललन उरांव (22 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से सेमरा होते हुए अपने घर जमगाई जा रहा था। इसी दौरान पलमी टंगरा टोली के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर महाविद्यालय की आचार्या कविता कुमारी ने महिलाओं के आत्मसम्मान, शिक्षा, रोजगार और उज्ज्वल भविष्य पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने संघर्षशील महिलाओं के प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनके योगदान का गुणगान किया साथ ही छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार की महिलाओं–माता, बहन, पत्नी और बेटी–को समानता का अधिकार देने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग करने का संकल्प लें। छात्र-छात्राओं को समाज मे महिलाओ के संघर्ष से सम्बंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गयी। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, युगेश कुमार साव, रितेश पाठक और आरती भगत सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

### ढाई साल का बच्चा खेलते खेलते गांव से लापता, परिवार चिंतित

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वती ग्राम उरु निवासी विनोद महतो का ढाई वर्षीय पुत्र पियूष महतो 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को घर के समीप खेल रहा था। जो खेलते खेलते लापता हो गया। वही लापता बच्चे की मां का कहना है कि बच्चे को पड़ोसी दीपिका कुमारी के निगरानी में छोड़ कर जलावन की लकड़ी लाने जंगल गये हुए थे। जब जंगल से घर लौटे तो बच्चे को नही देख परिजन एवं गांव के लोग काफी खोज बीन किया परंतु अभी तक बच्चा कहीं पता नही चला। वही अच्चानक बच्चे के लापता होने पर परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। जिसे शनिवार को बच्चा का लापता होने के संदर्भ में सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए पुलिस प्रशासन को अवगत करा कर बच्चे का सकुशल बरामद करने का गुहार लगाया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

# 1216 केसों का किया गया निष्पादन 1,97,71,717 रूपए की हुई वसूली



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार 8 मार्च 2025 को वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर, एसपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने बताया कि झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में डालसा लोहरदगा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उर्सलाइन कॉन्वेंट और डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पीएलवी नेम्हंति मिंज को कार्य को अच्छे ढंग से संपादित करने के लिए पुरुस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफलता पूर्वक करने के लिए छह बेंच का गठन किया गया था। जिसमें बेंच संख्या एक इलेक्ट्रिसिटी एक्ट मामले के लिए जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, बेंच संख्या दो फैमिली वाद, एमएसीटी केस, क्रिमिनल अपील, सिविल अपील और मेट्रिमोनियल केस के मामलों के लिए जिला जज द्वितीय निरजा आसरी, बेंच संख्या तीन एमवी एक्ट, म्युनिसिपल, लेबर, रेवेन्यू, सर्टिफिकेट केस सहित अन्य मामलों के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, बेंच संख्या चार एनआई एक्ट, एक्साइज केस, मिनिमम वेजेज केस सहित अन्य मामलों के लिए सीजेएम केके मिश्रा, बेंच संख्या पांच बीएसएनएल, बैंकों के मामलों के लिए जेएम प्रथम जया स्मिता कुजूर और बेंच संख्या छह कंज्यूमर फोरम के लिए कंज्यूमर फोरम के सदस्य नन्द लाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच का गठन किया गया। वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में कुल 1216 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 1,97,71,717 रुपए की वसूली हुई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 219 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। मौके पर डीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, पीएलए चेयरमैन शिव कुमार, एसडीओ अमित कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, अधिवक्तागण, बैंक कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
कार्यालयः–प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल गढ़वा,
कचहरी रोड, फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा (झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0)
E-mail: dmgarhwa29@gmail.com Contact Number : 06561-222269

**आम नीलामी की सूचना**

एतद् द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, जलावन आदि के विक्रेताओं – क्रेताओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा जलावन आदि की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधि काल में संपर्क कर सकते है।

| क्रं0 | नीलामी स्थल / वनागार का नाम | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठ आदि की किस्में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतना वनागार, गढ़वा। | 17.03.2025 | पूर्वाहन् 11:30 बजे से | जलावन आदि। |

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल गढ़वा

PR 348143 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**

(चोरी गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–565/2024 दिनांक–22.10.2024 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03S-5482 इंजन नं0– HA10AGJHA23 एवं चेचिस नं0– MBLHAW083LHA14699 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 348162 (Police) 24-25 (D)



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**आवश्यक सूचना**

(विज्ञापन संख्या–01/2025)

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक–4729 दिनांक–04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक–6440 दिनांक–17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक–848 दिनांक–21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जिसे वेबसाईट http://applyrdd.jharkhand.gov.in के माध्यम से भरा जायेगा।

आवेदक के द्वारा दिनांक 12.03.2025 से दिनांक 31.03.2025 रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पद के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार

PR.NO.348157 Rural Development(24-25):D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–25, वर्ष 2024–25)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 22.03.2025 से 24.03.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समयः 25.03.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.03.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन् में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – : अनाबद्ध (69, दिनांक 07.03.2025)

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजनाओं का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय बाउण्ड्रीवाल पर कैटीले तार लगाने का कार्य। | 910100 | 1250 | 20000 | 02 माह |
| 2 | हण्टरगंज | सलैया | जोरीखूर्द | जोरीखूर्द मारैनवा दरंगवा पुल से बाबुनेद यादव के घर होते हुए भोला महेष्वर यादव के होटल तक गार्डवाल निर्माण | 1202000 | 2500 | 24500 | 03 माह |
| 3 | चतरा | लेम | पंचमहला | पीच रोड से छठ घाट तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1197000 | 2500 | 24000 | 03 माह |
| 4 | चतरा | लेम | लेम | फुलचन्द यादव के घर से बैजनाथ दांगी के घर तक नाली निर्माण। | 2496800 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 5 | हण्टरगंज | जबड़ा | जबड़ा | पंचायत भवन के पास पुलिया निर्माण। | 541700 | 1250 | 11000 | 03 माह |
| 6 | ईटखोरी | ईटखोरी | ईटखोरी | ईटखोरी में जिला परिषद के डाकबंगला में पेभर ब्लौक का कार्य। | 1472700 | 2500 | 30000 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR 348145 District(24-25).D

## न्यूज | बॉक्स

### स्कूलों में ड्रेस और किताबों की बिक्री पर सख्त पाबंदी

**गुमला।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गुमला जिले के सभी प्राइवेट निजी विद्यालयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी स्थिति में स्कूल परिसर में ड्रेस या किताबों की बिक्री नहीं की जाएगी। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जारी इस आदेश में स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि अगर किसी भी स्कूल में इस नियम का उल्लंघन किया जाता है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में छात्रों से ड्रेस या किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। स्कूल परिसर में किसी भी तरह की किताबों या ड्रेस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने पर स्कूल के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए ड्रेस का अनिवार्य उपयोग नहीं किया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो कम से कम तीन साल बाद इसे बदला जाएगा, और इसकी सूचना अभिभावकों को तीन महीने पहले दी जाएगी। जिला प्रशासन ने स्कूलों को इस निर्देश का कड़ाई से पालन करने को कहा है और चेतावनी दी है कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सरसों उत्पादन को बढ़ावा, कृषि विज्ञान केंद्र ने किया प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन



**गुमला।** गुमला के शिवराजपुर क्लस्टर के लूटोबरटोली गांव में कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला और विकास भारती, बिशुनपुर द्वारा संचालित मॉडल तिलहनी गांव परियोजना के तहत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बिरसा भाभा सरसों-1 प्रभेद पर किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के सहयोग से विकसित यह सरसों किस्म 120 दिनों में पककर तैयार हो जाती है और इसकी औसत उत्पादन क्षमता 22 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। उन्होंने कहा कि गुमला जिले के शिवराजपुर, चुनरी (घाघरा) और तुरिम्बा (भवन प्रखंड) को इस परियोजना के लिए चयनित किया गया है, जहां 500 हेक्टेयर में सरसों का प्रत्यक्षण कराया गया है। इस पहल से गुमला जिले को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया गया है, जिससे बीज बदलाव दर और उत्पादकता में वृद्धि होगी। प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में कमल उरांव, कार्तिक उरांव सहित 35 किसान उपस्थित रहे और उन्होंने सरसों की उन्नत खेती से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।

### घाघरा में युवक की हत्या का मामला पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में 28 फरवरी 2025 को एक युवक की हत्या का मामला सामने आया। मृतक लसुहू उरांव के पुत्र सोसू उरांव की अज्ञात लोगों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय आरोपी श्याम उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है, और पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को आज, 8 मार्च 2025 को न्यायालय में पेश किया। मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच जारी है।

### घाघरा बढ़ती चोरी की घटना, अज्ञात चोरों ने 3 बंद दुकानों में किया हाथ साफ




**घाघरा।** घाघरा मुखलाय में अज्ञात चोरों के द्वारा बीती रात तीन अलग अलग दुकानों में अल्बेस्टर तोड़कर बेखोप होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया बढ़ती चोरी की घटना से व्यापारियों में है भय का माहौल। ताजा मामला है की घाघरा का सबसे भीड़ भाड वाला इलाका चांदनी चौक में जहां आकांक्षा श्रृंगार स्टोर में अज्ञात चोरों ने लगभग तीन हजार नगद एवं आठ से दस हजार रूपए का समान अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले उड़े।वही चांदनी चौक स्थित प्रज्ञा केंद्र में भी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि प्रज्ञा केंद्र के दुकान में हल्की-फुल्की चोरों ने छती पहुंचाया वहीं पुटो रोड में स्थित संदीप जूता दुकान में भी अल्बेस्टर तोड़कर अज्ञात चोरों ने दो से तीन जोड़ी जूते चुरा कर ले गये। तीनों पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि औरों दिन की तरह बीते शुक्रवार को शाम 7:00 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले जाते हैं सुबह शनिवार को जब हम लोग अपना दुकान का शटर खोला तो देखा की अज्ञात चोरों के द्वारा अल्बेस्टर तोड़कर दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घाघरा में बढ़ती चोरी की घटना से व्यापारियों में है भय का माहौल।

### गुमला में अपराध समीक्षा बैठक कानून-व्यवस्था की सख्त निगरानी के निर्देश



**गुमला।** गुमला में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान महिला दिवस के अवसर पर महिला आरक्षी लोवेन फुनी लुहानजोगो को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक जनता की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण करें। बैठक में डायन प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने, अवैध वाहन संचालन रोकने, मादक पदार्थों की बिक्री और साइबर अपराधों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। गंभीर आपराधिक मामलों में त्वरित जांच के निर्देश दिए गए, वहीं, जेल से छूटे अपराधियों की निगरानी, लंबित वारंट निष्पादन और साइबर फ्रॉड की घटनाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा, आगामी त्योहारों और चुनावों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए। जिन थाना प्रभारियों का कार्य संतोषजनक रहा, उन्हें प्रोत्साहित किया गया, जबकि लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी दी गई।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : कृषि विज्ञान केंद्र गुमला एवं विकास भारती बिशुनपुर द्वारा भव्य आयोजन**

# 275 महिलाओं की भागीदारी, 20 सफल को सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीयमहिला दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गुमला एवं विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 275 महिलाओं ने भाग लिया। इनमें से 20 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विकास भारती से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने स्वरोजगार को सफलतापूर्वक स्थापित किया और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। जिसमें मस्त रूप से मशरूम उत्पादन सिलाई कढ़ाई इलेक्ट्रीशियन कंप्यूटर इत्यादि क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं।

**गणमान्य अतिथियों का प्रेरणादायक संबोधन :** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती राज लक्ष्मी ओराव (प्रखंड प्रमुख, बिशुनपुर) ने महिलाओं से शिक्षा, स्वरोजगार और उद्यमिता को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विशिष्ट अतिथि सरस्वती देवी (पंचायत समिति सदस्य) ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महेंद्र उराव (संयुक्त सचिव, विकास भारती) ने महिलाओं के विकास में विकास भारती की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन कैसे महिलाओं को कृषि, कुटीर उद्योग और स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनके जीवन स्तर को सुधारने का कार्य कर रहा है। डॉ. संजय कुमार (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र) ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। पंकज कुमार (प्राचार्य, प्रशिक्षण विभाग, विकास भारती) ने महिलाओं को खादी और हस्तशिल्प के माध्यम से स्वरोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी। डॉ. निशा तिवारी, कुमकुम मैत्रा और प्रवीण कुमार ने भी महिला सशक्तिकरण, वित्तीय साक्षरता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल :** इस अवसर पर महिलाओं को कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई और उद्यमिता से जुड़ी नई योजनाओं और तकनीकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वरोजगार को अपनाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया। यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता का संदेश महिलाओं का सम्मान अनिवार्य : डॉ. दीपक प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान, रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी के तत्वावधान में कार्तिक उरांव महाविद्यालय, शिक्षा संकाय के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीयमहिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षार्थियों को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान के महासचिव, प्रख्यात साहित्यकार, रंगकर्मी एवं प्राध्यापक डॉ. दीपक प्रसाद ने कहा कि महिलाओं का आदर और सम्मान होना ही चाहिए। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और समानता की भावना से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं संवाद सत्रों के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों और उनके अधिकारों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षु शिक्षकों को यह संदेश दिया गया कि महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से ही एक विकसित और समानतापूर्ण समाज का निर्माण संभव है।

संस्थान के सभी सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने न केवल महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया, बल्कि समाज को सकारात्मक सोच और समानता की ओर बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान की।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भरनो में महिला सभा का आयोजन

**भरनो (गुमला)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को भरनो प्रखंड के डुड़िया पंचायत भवन सभागार में महिला सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार संपन्न हुआ, जिसमें पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस दौरान महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह बना रहा। साथ ही, महिला एवं पुरुष समानता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया, जहां उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों और सामाजिक समरसता पर जानकारी दी गई। इसके अलावा, स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।




### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुमला में उत्साह, सशक्तिकरण व प्रेरणा का संगम

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुमला जिले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), पीआरएडीएएन और महिला विकास मंच (एमवीएम) के संयुक्त तत्वावधान में भव्य आयोजन किए गए। इन कार्यक्रमों में सखी मंडल की महिलाओं, जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थानों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को उजागर करना, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर प्रेरक वक्तव्यों, अनुभव साझा करने और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। गुमला के बेलागड़ा पंचायत (घाघरा), करौंदी रथ बगीचा (सदर गुमला), बेसिक मैदान (कामडारा), जेएसएलपीएस डुमरी कार्यालय मैदान और पुराना प्रखंड कार्यालय (सिसई) में हुए आयोजनों में महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए जा रहे कदमों और अपने संघर्षों को साझा किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की शपथ के साथ पौधरोपण अभियान भी आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुमला जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता फैलाई गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को पढ़कर सुनाया गया, जिसमें महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक योगदान की सराहना की गई।

महिला दिवस के तहत ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को नई ऊर्जा देते हुए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल महिला सशक्तिकरण बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया।

### दो बाइकों की टक्कर मलगो निवासी युवक गंभीर रूप से घायल

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बीते देर शाम भरनो अस्पताल चौक के पास दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मलगो गांव निवासी हैदर दरवानी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हैदर दरवानी अपनी बाइक से मलगो से भरनो आ रहे थे, तभी गुमला की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में हैदर दरवानी बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, गुमला रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

### परिवार नियोजन सम्मेलन : आदर्श दंपतियों और स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत नियोजित परिवार (आदर्श दंपति) सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए श्रेष्ठ आदर्श दंपतियों, एएनएम, सहिया, परिवार नियोजन काउंसलरों और बीएएफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परिवार नियोजन केवल गर्भनिरोधक उपायों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिरता से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान) डॉ. मोनिका, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, सहिया कविता कुमारी, एएनएम कुसमिता हुरहुरिया और परिवार नियोजन काउंसलर बंदना केरकेट्टा समेत कई अन्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित आदर्श दंपतियों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला सहिया सहजकर्ता आरती श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले कर्मियों में परिवार नियोजन बीएएफ अरुणा देवी, फूलन देवी, मनोज उरांव, संगीता खलखो, मंजूला मिंज, लक्ष्मण गोप, संतोष देवी, पुष्पा देवी, नुरे आपस, हीरामती देवी, प्रकाश सिंह, डीडीएम राजीव कुमार सहित अन्य सहिया साथी और बीटीटी शामिल थे।

## डीसी कर्ण सत्यार्थी पहुंचे गणिदरा गांव, ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए दिए कड़े निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डूमरी ब्लॉक के जुर्मू पंचायत अंतर्गत गणिदरा गांव के नवटोली का दौरा किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सड़क, जल आपूर्ति, बिजली, आवास, राशन कार्ड और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। गणिदरा गांव में कोरबा व असुर जनजाति (पीवीटीजी समुदाय) के 40 परिवार निवास करते हैं, जहां ग्रामीणों ने प्रमुख रूप से सड़क निर्माण की मांग रखी। उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क निर्माण कार्य जारी है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा।

ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उपायुक्त ने जल आपूर्ति, बिजली, राशन वितरण, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड से संबंधित दिक्कतों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने अधूरे आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से बातचीत कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण योजनाओं और वन धन विकास केंद्र से जुड़ने की अपील की ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अन्य महिलाओं को भी जोड़ सकें। उन्होंने राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, गणिदरा में बच्चों की उपस्थिति और शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन और पोषण से जुड़े पैकेट वितरण की भी जानकारी ली।

महिला और शिशु स्वास्थ्य को लेकर उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की अपील की और मातृ वंदना योजना व जननी शिशु योजना के तहत मिलने वाली ?6500 की सहायता राशि की जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य शिविरों में अधिकाधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक भवन और सरना स्थल निर्माण की मांग पर उपायुक्त ने बीडीओ को स्थल निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त ने जुर्मू आंगनबाड़ी केंद्र और डूमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (नया पब्लिक हेल्थ यूनिट) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और अधिकारियों को इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरे से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें सुचारू रूप से मिलेगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना।
(लापता सुमन कुमारी)



डंडा थाना सनहा सं0–08/25 दिनांक–03.03.2025 में लापता सुमन कुमारी, उम्र 18 वर्ष, पिता शिवकुमार चौधरी, सा0+थाना डंडा, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त लापता महिला के पिता के द्वारा आवेदन में उल्लेख किये है कि इनकी लड़की घर से बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। उक्त लापता महिला सुमन कुमारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला किसी व्यक्ति का कही दिखे या इनके कही होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**गुमशुदा का विवरण :–** नामः– सुमन कुमारी पिता का नाम :– शिवकुमार चौधरी पहनावा :–जींस और वाईट शर्ट उंचाईः– 05 फीट रंगः–सांवला भाषाः– हिन्दी

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.348163 Police(24-25):D



**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

Very Short Tender Notice
e-Procurement Very Short Notice

Tender Reference No.- UDHD/MMC/40/2024-25 Date :- 08/03/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Indoor Stadium Complex in ward no. 23 at Medininagar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 4,73,77,734/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Bid Security* (Rs.) | 4,73,777/- |
| 5 | Cost of Document (Rs) | 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on Website | 11/03/2025 AT 10:00 AM |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 11/03/2025 AT 10:00 AM |
| 8 | Pre-bid meeting | 15/03/2025 AT 03:00 PM |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 18/03/2025 AT 02:00 PM |
| 10 | Date Of Bid Opening | 19/03/2025 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner–Cum-Administrator Medininagar Municipal Corporation |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in Any change can be seen on Website http:// jharkhand tenders.gov.in Any other information can be seen on http://jharkhand tenders.gov.in

Sd./-
Municipal Commissioner –Cum- Administrator
Medininagar Municipal Corporation

PR.NO.348140 District(24-25):D



# पर्यावरण दिवस और पौधरोपण की जमीन

वि कास की दिशा जबसे शहरों की तरफ़ मुड़ी, पर्यावरण का वैश्विक स्तर पर रसातल में पलायन होने लगा। प्रदूषण नामक राक्षस धरातल पर राज करने लगा। विकास को ऐशो-आराम और पैसे की बरकत से तुलना करके देखा जाने लगा है। इन सबमें पेड़ पौधे जैसे गूँगे जीवन की क्या अहमियत! बोलने वाले जीव तो बेचारे हम इंसानों से बच नहीं पाए, फिर ये एक ही जगह पर निष्क्रिय रूप से खड़े पेड़ कैसे बचते! इंसान का घमंड अपने चरम पर है। इसे लगता है यह नीले रंग का धरती नामक गोला इसकी बपौती है। यही इसको चलाने वाला है। पर, इंसान यह भूल जाते हैं कि डायनासोर, मैगालोडन शार्क जैसे महाकाय जीव से लेकर बैक्टीरिया, वायरस जैसे एक कोशिकीय जीव भी प्रकृति से जीत नहीं पाए, तो यह इंसान किस खेत की मूली हैं? चलो, अपने घमंड में चूर होकर स्वयं कभी सुनामी, तो कभी नौतपा को आमंत्रित करो। यह हीट वेव, यह ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत में छेद होना, बस हमारी प्रजाति के दिन लदने के संकेत हैं। धरती पहले भी थी, बाद में भी रहेगी, पर यदि हम इसी तरह से खुद अपने हाथों अपनी प्रजाति की कब्र खोदते रहेंगे, तो समय से पहले ही बाकी प्रजातियों की तरह मानव जीवन का अंत हो जाएगा। जिसे हम विकास समझ रहे हैं, वह हमारी मूर्खता का प्रमाण भर है और कुछ नहीं। विकास तो वह है, जो सतत् गति से निर्बाध इस ब्रह्मांड में घटित होता रहता है। हमारी धरती तो उस बड़े उर्जा पुंज का एक कण मात्र है। हम इंसान को इतने मूर्ख हैं कि हमें अपनी सूक्ष्मता का कोई भान नहीं। इसी विकास के क्रम में हम पेड़ों को काटते जा रहें हैं और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढाते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, फिर एक दिवस विशेष को टंकित करते हैं और पर्यावरण दिवस मनाने लगते हैं। कभी सोचा है, जितने भी पर्यावरण दिवस के बैनर, प्रचार प्रसार में खर्चे होते हैं, उतने में तो हम एक घना जंगल उगा सकते हैं। पर, हमें वृक्ष, पेड़ पौधों से मतलब थोड़ी न है, हमें तो हाथों में पौधे लेकर तस्वीर लेने और सोशल मीडिया पर दिखावा करने से मतलब है। यही तो है मानव प्रजाति का असली मूर्खतापूर्ण चेहरा, उसका बनाया हुआ छद्म पर्यावरण दिवस और फ़्लैट और अपार्टमेंट की इमारतों, बालकनी पर बसाई गई नक़ली ज़मीन का सच!



डॉ आकांक्षा चौधरी

# फागुनी रंग, धूरखेर व टेसू



अनिता रश्मि



## एक होलियाना संस्मरण

ह र मन वर्तमान के साथ आगत-विगत में उलझता ही है। अवसर किसी पर्व का हो, तो और भी ज्यादा। ऊपर से होली... यादों के पिटारों को खोलने का सतरंगी पर्व!

आज जब शहरों, कस्बों या शहर सरीखे गाँवों में फाग पर परंपरा का निर्वाह नहीं के बराबर होता है, फाल्गुनी गीतों का स्थान गाली-गलौज ने ले ली है, ऐसे में चतरा के इटखोरी के पकरिया पंचायत के रंग पर्व के बारे में हमारे भाई साहब (ननदोई) विनय सिन्हा जी ने बताया था।

मैंने उन पीले पड़ गए पन्नों को निकाला, जो लिखे गए थे कहीं भेजने के लिए, पर अब तक भेजे नहीं गए। कैसा सुखद संयोग उस दिन मैं चतरा में ही थी और ये पन्ने मेरे साथ थे, फटने से पूर्व मोबाइल पर सहेजने के लिए ले गई थी। आप भी सुनें, अपनी परंपरागत होली के कारण मेरा जन्म स्थान पकरिया वर्षों चर्चित रहा है। यहाँ बहुत कम घर स्वर्णों के हैं। बावजूद फगुआ में स्वर्णों-हरिजनों की आपसी ठिठोली फिजां में एक नवीन रंगत घोल देती है। इस परंपरागत रससिक्त होली में अपनी संस्कृति की गहरी जड़ों का आभास होता रहा है हमें, सबको।

फगुआहट की धुन में प्रायः हर पकरियावासी फाल्गुनी बयार के चलते ही मन-तन से अपने ग्राम की रंगीली धरती पर पहुँचने के लिए छटपटा उठता है। टुहुक लाल, काईवाले हरे, तीखे पीले, चटख गुलाबी, शक्ति के प्रतीक काले रंग और ऐसे ही खूबसूरत, सुगंधित गुलाल उन्हें बुलाने लगते हैं। जोगी का तन तो रंगाता ही है, मन भी रंगा जाता है जैसे।

विनय जी की याद की धरती पर जमी होली की धुरखेर हमारे सामने बिखर-बिखर जाती। होलिका दहन के दिन पकरिया और सोनपूरा गाँव के लोग भी मिलकर अगजा जलाते हैं। घर-घर से प्रेमपूर्वक माँगी गई लकड़ियों या फिर छिपकर उठा लाई गई चौकी, टूटी खाट के पायों, लकड़ी के द्वार, चौखटादि को एक साथ जलाते हुए मानो बीते दिनों की गर्दिशों के साथ दुश्मनी के राक्षस को भी राख कर दिया जाता। कच्ची रसोईघर में पकते बर्रे-धुसके, बचके तथा बूट की नई झाड़ का प्रसाद चढ़ाया जाता अगजे की अग्नि को।

नये साल का स्वागत अगजे की राख से....बड़ों के पाँवों पर भभूत रखकर आशीर्वाद अक्षत की कामना, बच्चों के भाल पर भस्मी टीके से आशीषों की बारिश... भीग उठता न सारा तन-मन रंगों में भीगने से पूर्व ही।

पहले धुरखेर होता अर्थात धूल से जमकर होली खेली जाती। जैसे धूलकणों के दिन फिर गए हों। परास भी अपना रंग दान देने को तत्पर। प्राकृतिक रंग में ढल जाता किंशुक का खूबसूरत नारंगी पुष्प। जगह-जगह खिलनेवाला परास (पलाश) इठला उठता अपनी उपयोगिता पर और हमें सिखाता दूसरों के लिए खुद को होम कर पूरी दुनिया को वर्णमय कर डालने का पाठ। अन्य कई रंग भी प्रकृति से उधार माँगे जाते।

फिर बारी के इंतज़ार में गीली होली! पुड़िया के पुड़िया, शीशी की शीशी सूखे रंग घोल दिए जाते पानी से भरे ड्रम में। कुएँ की जगत, रस्सी, लाठ-कुंडी (कुएँ से जल भरने का साधन) सहित बाल्टी-लोटा, तसला-कठौती सब रंग के नशे में चूर-चूर! महीनों लग जाते उन पर चढ़े रंग को उतारने में। पुए की लोर, धुसके के घोल भी अपना धर्म निभाते। गालों-बालों में रच-बस जाते।

आँगन, बड़े-बड़े चौकोर बरामदे, दालान, कमरे सब रंगों से सराबोर!... सामने के विभिन्न गाछ और चबूतरे भी। पतली उगी टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियाँ, खेतों की क्यारियाँ, मेड़ें, नीम तले का पतझड़ी बिछौना। और रच जाती अद्भुत सर्व वर्ण की मनोहारी पेंटिंग कच्ची सड़कों पर भी।

तीन अलग-अलग झुंडों में जुट आते पुरुष, नारी, बच्चे। कोई भी तो पहचान में नहीं आता। इस मदमाते त्यौहार पर स्त्री-पुरुष की भीड़ दूर-दूर रहती... आखिर इसी उत्सव में ना बुढ़वा देवर लगने लगता है, होश खोकर जश्न मनाया जाता रहा है। रंग नशा बनकर चढ़ता और सचमुच में रंग-गुलाल का नशीला जादू बिन भंग पिए भी बदहोश कर देता। जमकर होली खेलनेवाले जानते हैं, रंग से भी नशा चढ़ता है। उधर मलाईदार, पौष्टिक ठंडई और भांग का नशा वातावरण को नशीला बना देता।

पुरुषों की दो सौ तक की भीड़ जुट जाती। गले मिल खोरी (गली) की ओर चल पड़ती, बहती सरिता सी। हाथों में ढोल, झांझ, मंजीरा! होठों पर फाग, होरी गीत! धुरखेर के साथ "हा ऽऽऽ!... हाऽऽऽ!! ठीऽऽ...ठीऽऽऽ! !" बहती जाती सरि दूसरी छोर तक एक-दूसरे पर धूलि डारती। उमंग से नाचते-गाते आबालवृद्ध!

जा पहुँचते धराचुंबी बरगद गाछ तले। स्वागत के लिए पहले से ही तैयार रहती हरिजनों की टोली। झाल, मंजीरा, ढोल की थाप के साथ। कोई झंडा पहन अति तरंग में झूमता हुआ, कोई खुद ही धूलि और रंग देह-माथे पर मल रहा है। नृत्यरत भोले बाबा के गणों की मानिंद। वहीं विटप की छाया तले बैठ सब जिमते। हाँ!... हाँ, जी, हाँ! एक साथ। खाने-पीने का आयोजन हरिजन टोले की तरफ से। सखुए के पत्तल-दोने, कुल्हड़, माटी के सकोरे-गिलास में।... तो ऐसा था, छुआछूत के भयंकर प्रलयंकारी समय में पकरिया का समाज और उनकी मदमाती होरी।

# सरहुल - यादों में..!



स रहुल हमारे झारखंड के आदिवासियों का विशेषकर राँची का एक अति महत्वपूर्ण प्रकृति पर्व है, जिसे (बाहा पोरोब) भी कहा जाता है। उस दिन रांची में सार्वजनिक अवकाश रहता है। मेरा बचपन, युवावस्था रांची के सांस्कृतिक परिवेश में व्यतीत हुआ अतः झारखंड की संस्कृति से अच्छी तरह से परिचित हूँ। मुझे याद है जब सरहुल का पर्व आता था, तब हम चारों भाई बहन बहुत ही उत्सुक एवं उत्साहित रहते थे। हम उस दिन जल्दी-जल्दी स्नान, पूजा पाठ कर तैयार हो जाते थे। मां ठीक 8:00 बजे नाश्ता तैयार कर देती थी, हम नाश्ता पानी कर सुबह 10:00 बजने की प्रतीक्षा काफी उत्सुकता पूर्वक किया करते थे। पिताजी सामने के ड्राइंग रूम में सुबह का पूजा पाठ करके अध्ययन रत रहते थे। कहते हैं ना कि, जिस चीज की प्रतीक्षा करो ना जाने क्यों वो समय अत्यधिक बड़ा लगने लगता है, हृदय की आकुलता बढ़ जाती है; बार-बार दृष्टि घड़ी की सुईयों की ओर जाता है। एक-एक पल व्यतीत करना कठिन हो जाता है खैर...! वह घड़ी आ जाती है और हमारी प्रतीक्षा खत्म होती है। दूर से ढोलक और मांदर की थाप के संग मधुर गीत की सुमधुर ध्वनि तरंग हमारे कानों में मधुरस घोलती हमारे समीप और समीप आती जाती है; देखते-देखते हमारे मुख्य गेट का द्वार खुलता है; मांदर की थाप एवं स्त्री- पुरषों के नृत्य के संग उनका प्रवेश होता था, जो अत्यंत आह्लादक और रोमांचकारी प्रतीत होता था। हमारे बड़े से हाते के अंदर आकर वे छोटानागपुरी गीत और नृत्य करते हुए प्रकृति के सुखद सानिध्य में अन्तर लीन हो जाया करते थे। हम भाई-बहन इस मनोहारी नृत्य कला एवं संगीत का भरपूर आनंद लेते थे। उनके इस मनोहारी, मनमोहक नृत्य और गीतों को सुनकर जी करता था कि, जाकर उनके संग हम भी नृत्य में सम्मिलित हो जाएँ किंतु, कठोर अनुशासन हमें ऐसा करने से स्वतः ही रोक देता था...मन मारकर हम ...!



माधवी उपाध्याय

उनकी वेशभूषा काफी आकर्षक हुआ करती थी, पुरुष सफेद धोती, हाफ गंजी और सिर पर गमछा बाँधे गले में ढोलक लटकाए हुए एवं स्त्रियाँ सफेद लाल पाढ़ की साड़ी पहनी हुई, जुड़े में सखुआ का फूल लगाए, एक दूसरे का हाथ पकड़कर झूमती- नाचती, गीत गाती हुई मन को लुभाती थीं। लगभग एक घंटे के गीत और नृत्य के पश्चात उन्हें कुछ पैसे एवं अनाज दिए जाने का रिवाज था, अतः पिताजी कुछ रुपए और मां अंदर से कुछ अनाज लाकर उन्हें देती थी, जिन्हें लेकर वे अत्यधिक हर्षित होते और आशीष देते हुए घर से दूसरे घर की ओर प्रस्थान करते थे। आज भी वो मांदर की थाप के संग आदिवासी स्त्री -पुरुषों का मनमोहक नृत्य एवं संगीत मन-मस्तिष्क में अमिट छाप छोड़े हुए है।

## नशा जानलेवा

नशा मत करो, यह जानलेवा है।
स्वस्थ रहने को फल, धान, मेवा है ॥
धूम्रपान करते हो,
स्टाइल दिखाते हो,
सिगरेट तुम पीते नहीं,
वो तुमको पी जाता है,
सिगरेट मत पीओ, यह
प्राण लेवा है।
नशा मत करो, यह
जान लेवा है ॥
गुटका यूँ खाते हो,
मुँह में चबाते हो,
इधर-उधर थूककर,
गंदगी फैलाते हो,
गले मुँह का कैंसर
यमराज देवा है।
नशा मत करो, यह जानलेवा है ॥
मदिरापान करते हो,
तबाही मचा देते हो,
व्यसन करके,
बर्बाद किडनी करते हो,
मर जाने से बन जाती बीवी बेवा है।
नशा मत करो, यह जान लेवा है।
खैनी मुँह दबाकर,
बत्तीसी दिखाकर,
हाथों को मलकर,
अकड़ मे चलकर,
मृत्यु का देता यह बुलावा है।
नशा मत करो, यह जानलेवा है ॥
लत को छोड़,
प्यारे लतखोर,
जुड़ो नशा-मुक्ति अभियान से,
सभी ड्रग्स मार देंगे जान से,
व्यसन का त्याग भी समाज-सेवा है।
नशा मत करो, यह जानलेवा है॥



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## रँगीले फागुन में

चारों ओर धमाल, रँगीले फागुन में।
नीले पीले लाल, रँगीले फागुन में।।
छोड़े मीठी तान, कोयलिया बागों में,
हर्षित है मन प्राण, रँगीले फागुन में।।
जात पात का भेद, मिटा दे होली में,
रहे न मन में छेद, रँगीले फागुन में।।
घुले प्रेम का भंग, सरित और सिंधु में,
पीकर बनें मलंग, रँगीले फागुन में।।
रंग-अबीर की थाल, सजी घर घर में है, रँगे सभी के गाल, रँगीले फागुन में।।
मादक है मधुमास, हुआ मन महुआ-सा
दहके विपिन पलाश, रँगीले फागुन में।।
खिले फूल कचनार, गुलाबी मौसम है।
बढ़ा प्रकृति से प्यार, रँगीले फागुन में।।




बिनोद बेगाना

## इंतजार

सदियों गुजर गए मिले बचपन के दोस्तों से अब बस हिस्से में इंतजार रह गया। दिल के कोने में रह गए, वो अरमान सारे और यादों का मकां जार-जार रह गया। ब हम बड़े हो गए, अपने पैरों पर खड़े हो गए, फिर से कोशिश की उन गलियों में जाने की अपने अल्हड़ बचपन को पाने की, पर मसरूफियत इतनी की टूटे हर सपने, बस यही जिंदगी का इकरार बन गया। और जिस दोस्ती की मिसाल देती थी दुनिया सारी, अब वह दोस्त और दोस्ती बस अखबार का इश्तहार बन गया। वो यादें बस यादें रह गई, वो दिन न कभी आने वाला इतवार रह गया। सारे अरमान रह गए धरे-धरे अब बस इंतजार-इंतजार रह गया।




कंचन सिंह



## होली - गीतिका

होली की तैयारी हो ली,
बरसाना तैयार।
आ ओ बरसाने को कान्हा,
खेलें अब लठमार।।
मन के अंदर रंग सजा है,
करे साज श्रृंगार।
साज सजाए मौसम मीता, रंग रंगे बहार।।
जोर जतन ना करना समझे,
होगा सब बेकार।
हाथों में पिचकारी लेकर,
चलो रंगे संसार।।
खशबू हर घर -घर से आती,
ललचे मन हरबार।
गुझिया पूरी बढ़िया लगता, सुंदर यह त्योहार।।
काला लाल हरा पीला है,
मुखड़े का श्रृंगार।
होली में करते बरजोरी, बुरा न मानो यार।।



मनीषा सहाय सुमन



## रंग फागुनी

फागुनी रंग में मन निढाल हुआ
मौसम सारा गुलाल हो गया।
शीत ने गठरी समेटी,
पीत रंग से धरती लिपटी,
पलाश के फूलों से वन जगमगाया,
बसंत ने रंगों का साज सजाया।
चैता -फगुआ के गीतों संग,
मौसम भी बेमिसाल हो गया।
होली के उमंगों से खिली धरा,
आओ साजन, रंग दूं ज़रा,
मिलन की रुत, मौसम हरा
वन -बागन में फागुन ठहरा।
मौसम रंगों की चाल हुआ,
मौसम सारा गुलाल हुआ।



चारुमित्रा

काव्य कोना

## सम्भ्रम का

पानी से पानी पर लकीर खींचते
हवा से हवा में चित्र बनाते
पेड़ों की छाया में धूप सेंकते
बंद कमरे से चाँदनी को देखते
इल्ज़ाम लगाया, आसमां बेरंगत हो गया।
सपनों में सपने का जाल फैलाते
बँधे तालाब में पानी भरते
नदी के प्रवाह की आशा
इल्ज़ाम लगाया, प्रवाह कहाँ छुप गया?
काल ने संशय समझा
मुस्कुराया फिर हँसा
समाधान देते कहाँ
लांक्षण लगाने से, शिकवे- शिकायत से
काल का प्रवाह नहीं रुकेगा
स्थावर में प्रवाह कहाँ मिलेगा?

**नाग मणि**

व्यंग्य वार्ता

# शराबी होने का सुख



ललन शर्मा



आ दिम जमाने में भी आदमी बड़ा समझदार हुआ करता था। उस काल में ही उसे पता चल चुका था कि स्वर्ग में भगवान बड़े मजे से सुरापान करते हैं। तब से उसने भी अपने लिए सुरा की व्यवस्था पृथ्वी पर कर ली और शराब हमारी और इस जगत में रहने वाली सभी मानव प्रजाति के जीवन का, यों कहिए कि शराब हमारी और विश्व की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गई। और अपनी संस्कृति को बचाने के मामले में हम भारतीय बड़े कट्टर हैं। बीवी छोड़ सकते है, बच्चों को नदी में फेंक सकते हैं, रिश्तेदारी को लात मार सकते है, नौकरी छोड़ सकते हैं पर शराब.........नहीं......नहीं......। शराब तो हमारी पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। इतने विदेशी आक्रमण हुए, कई सभ्यता समूल नष्ट हो गई, डायनासोर नष्ट हो गये पर हमने शराब संस्कृति को सारे दुश्मनों से बचा रखा है। सारी प्राकृतिक-अप्राकृतिक आपदाओं में भी इसे अपने सीने से लगा रखा है कारण कफन के कपड़े की तरह साफ है क्योंकि हमारा देश धर्म निरपेक्ष प्रधान देश है और शराब विशुद्ध रूप से धर्मनिरपेक्ष होती है। सबको गले लगाती है इसलिए शराब पीनेवाला भी धर्म निरपेक्ष होता है और पिलाने वाला भी। शहर में भले ही दो कौम के बीच दंगा हो जाय पर इसी दोनों कौम के नेक बंदे एक साथ बैठकर शराब का मजा लेते हैं, यों समझिए कि शराब सबको जोड़ती है, किसी धंधे की सफलता अंगूर की बेटी के यौवनी अंदाज पर टिकी होती है, बड़े-बड़े राष्ट्र भक्तों की मित्रता, बड़े-बड़े या छोटे-छोटे गुटों की संधि, छोटी-बड़ी सुपारी, तस्करी, अपराध करने वाले सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं - कर्ताओं को यही जोड़ती है इसके चलते ही जिला-स्तर से विश्व स्तर तक ऐसे लोगों का चर्चित संगठन जल्द बन जाता है बगैर किसी भेद भाव के। सार यह है कि अन्डर वर्ल्ड तक शराब की माया सर्वोपरि है। धर्मनिपेक्षता पर एक विचार आ रहा है, क्यों न पिय्यकड़ों की एक पार्टी बनायी जाय। क्योंकि अभी तक जो पार्टियाँ जीवित है वह कोई न कोई वाद से पीड़ित है, मसलन कोई जनवाद से पीड़ित है तो कोई धर्मवाद से, कोई आरक्षण वाद से। ऐसी पीड़ित अवस्था में अगर पार्टियाँ है तो जनता की पीड़ा का क्या होगा इसलिए ऐसी पार्टी बनने से कई समस्या शराब में घुल जायेगी। गठबंधन जैसी समस्या से देश को राहत मिलेगी क्योंकि शराबियों का गठबंधन बहुत मजबूत होता है। शराब की माया उन्हें लम्बें समय तक जोड़े रखती है। इधर एक दिन अखबार में छपा कि शराब की बंदोबस्ती न होने पर सरकार को महीने भर में ही एक छोटे से जिले से 30 लाख का नुकसान हुआ। अब अंदाज लगाये कि ऐसी स्थिति पूरे देश में हो जाये तो कितने करोड़ का नुकसान होगा। इससे पता चलता है कि सरकार को अपनी कार चलाने के लिए शराब की बंदोबस्ती करनी पड़ती है। सबको कितना सुख मिलता जब जिला कलक्टर शराब बेचने के लिए निलामी लगवाता है। शराब पीने में एक सुख यह भी है कि इसे पीने के बाद स्वर्ग का आनंद तो मिलता ही है साथ ही अगर शराब पीने के बाद यदि आँखें चली जाय, मृत्यु का वरण हो जाय तो सरकारी मुआवजा भी बतौर पुरस्कार मिलता है। कहने का तात्पर्य है कि शराब जहरीली हो या अमृतमयी, आनंद दोनों तरफ से होता है इसे कहते है आम के आम और गुठली के दाम। आजकल विज्ञापन देवताओं ने भी शराब के सुख का प्रचार शुरू किया है, एक कहता है कि महफिल में रंग जमाना हो तो अंगूर की बेटी संग रखें। एक विज्ञापन तो शराब से अंतरराष्ट्रीय संदेश सद्भावना का संदेश देती है- दो कट्टर दुश्मन सैनिक अधिकारी, अपनी अपनी सीमा पर तार के बाड़ों के अंदर खड़े एक दूसरे को पल भर में खा जाने वाली दृष्टि रखते हैं पर शाम ढलते ही शराब उन्हें जोड़ देती है तार की बनी सीमा पर कोई बन्दूक नहीं होती है, सिर्फ होता है दो गिलास, शराब और दो दोस्त। इससे एक बात समझ में आती है कि अगर सीमा पर दोनो देशों के शराबियों को तैनात कर दिया जाय तो रोज दो-चार मांगे सूनी होने से बच जाय। सीमा पर हिंसा न हो। अतः शराब दो दुश्मनों को जोड़ देती है। शराब के सुख के बारे में कवि, शायर, लेखकों ने भी खूब लिखा है, जाहिर है वे इसका उपभोग जरूर किए होंगे तब न कागज-कलम उठी होगी। शराब के सुख का प्रचार करने के लिए इसका उदारीकरण कर दिया गया। हर सभा, दावत, शादी-विवाह, गोष्ठी, त्योहार, पार्टी, मित्रता आदि सामाजिक कार्यों के प्रारम्भ या अंत में शराब का होना अनिवार्य कर दिया गया है इसके अलावा सुख-दुख, सफलता-असफलता, लेन-देन, खुशी-गम सभी में मुड बनाने के लिए शराब जरूरी हो गया है।

शेरशाह सूरी ने अपने समय में लोगों के सुख का ध्यान रखने के लिए सराय बनवाये। मेरे ख्याल से सुरा की बात हुई होगी, गलती से सराय सुना होगा। इसलिए सरकार ने इस गलती को सुधार करते हुए सड़क-बाजार, गली-मुहल्ले में सुरालय निर्माण की अनुमति दे दी है। वो दिन दूर नहीं जब हर गांव के चट्टी पर लिट्टी-चोखा की दुकान की जगह मदिरालय बन जाये। जिस तरह शराब का सुख बढ़ रहा है एक समय आयेगा जब सारा देश सुरामय हो जायेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि शराब संस्कृति का इतना प्रचार-प्रसार हो कि अपना देश शराबियों का देश कहलाये। और यहाँ के सभी नागरिक इस सुरा-सुन्दरी के साथ रहकर भारत उदय का जश्न मनाए।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# बाबूजी की डायरी

आज बाबूजी को गए एक महीना हो गया। संध्या ने उनकी आलमारी साफ़ कर नीली डायरी संभाल कर रख दी थी। कई दिनों से पढ़ने की सोच रही थी पर नाते रिश्तों के भीड़ में समय नहीं निकाल पा रही थी। लोगों का जमघट छट चुका था। आज समय निकाल कर पलंग पर लेटी संध्या ने डायरी के बीच के एक पन्ने को पलटा-

**दिनांक 4-3-1999 :** आज होली है सभी बच्चों ने आकर प्रणाम किया पर छोटकी बहु नहीं आई...आगे कुछ नहीं लिखा था पर उनकी छोटकी बहु यानी संध्या के भीतर कुछ दरक गया।

संध्या ने चंद और पन्ने पलटे...

**दिनांक -16-7-2001 :** आज तबियत ठीक नहीं लग रही है। सुबह देर से उठा।सभी नाश्ता कर चुके थे।मुझे भी भूख लगी थी चौका में कोई नहीं था तो पास में रखा चना भूंजा खा लिया। दोपहर में पोता शुभम ज़िद कर रहा था मेरे कमरे में आने को पर बहू ने पता नहीं क्यों नहीं आने दिया।

संध्या की आँखों में नमी सी उतर आई...

**दिनांक-20-1-2002 :** सामान बाँध लिया हूँ। कल गाँव चला जाऊँगा चचेरा भाई की बहु गउ है। बराबर फ़ोन करके हाल चाल लेते रहती है।मेरे कारण राजू कितना सुनेगा अपनी पत्नी का...पढ़ते -पढ़ते संध्या की आँखें भर आई थी। मन कसैला सा हो गया था और पढ़ने का मन नहीं हुआ। आत्मग्लानि से भरी संध्या की सूजी आँखें देख पति राजू ने कारण पूछा लेकिन संध्या आज चुप्प थी।काश वक्त का पहिया पलट जाता।आँखों के रास्ते ज्वालामुखी का लावा पछतावा सम पिघल रहा था।



सविता गुप्ता,

## आज का दोहा

रंग, नैन, जज्बात के, कितने जुड़े प्रसंग।
अब ऐसी होली कहाँ, गहरे हों जब रंग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वाराणसी : काशी विश्वनाथ मंदिर में महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था

**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए खास तौर पर प्रवेश द्वार निर्धारित किया गया है। वो गेट नंबर 4 से प्रवेश कर रही हैं। इस पहल से महिलाएं बिना किसी परेशानी के भगवान शिव का दर्शन करने के साथ ही पवित्र जलाभिषेक करने की सुविधा मिल रही है। इस दौरान मंदिर में होने वाली भीड़-भाड़ से भी उन्हें जूझना नहीं पड़ रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा, "यह पहल एक मीडिया समूह के प्रस्ताव से सामने आई थी, जिसमें सुझाव दिया गया था कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। हमने तुरंत प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और गेट नंबर 4 को महिलाओं के लिए एक विशेष प्रवेश बिंदु के रूप में समर्पित करने का फैसला किया, जो आमतौर पर काशीवासियों के लिए आरक्षित है। यह व्यवस्था सुबह और शाम दोनों शिफ्टों में उपलब्ध होगा, जिससे महिलाएं आराम से मंदिर में जा सकेंगी। इसके अलावा, प्रस्ताव में स्वास्थ्य जांच सेवाओं का प्रावधान भी शामिल है, जो इस दिन महिलाओं के लिए उपलब्ध होगी। शहर की महिलाओं ने इस कदम की सराहना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासी कांति चौधरी ने कहा, 'यह एक शानदार पहल है। आमतौर पर वाराणसी में रहने के कारण हम अक्सर भीड़ के कारण बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने का मौका चूक जाते हैं। लेकिन इस विशेष व्यवस्था से अब हमें शांतिपूर्वक पूजा करने का मौका मिला है। हम पीएम मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे लिए यह संभव बनाया। 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं और लड़कियों की सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर है।



- महिलाओं के लिए खास तौर पर प्रवेश द्वार निर्धारित किया गया है वे गेट नंबर 4 से प्रवेश कर रही हैं
- शहर की महिलाओं ने इस कदम की सराहना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया

## श्री काशी विश्वनाथ के गौना से पहले मथुरा में लड्डू गोपाल को भेजा गया उपहार

**वाराणसी।** काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के गौने (रंगभरी एकादशी) के पहले शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा स्थित लड्डू गोपाल को होली का उपहार भेजा है। उपहार की समस्त सामग्री पहले बाबा विश्वेश्वर(काशी विश्वनाथ )को अर्पित कर इसे वाहन से मथुरा भेजा गया। इसी प्रकार मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान से आज ही श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित उपहार भी काशी के लिए भेजा गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के इस नवीन सनातन नवाचार को लेकर दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातच की थी, जिसे उन्होंने भी सहर्ष स्वागत एवं समर्थन किया था। मथुरा भेजने से पहले विधि विधान पूर्वक उपहार की समस्त सामग्री श्रीविश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत पूरे साज-सज्जा और धूमधाम से इसे लड्डू गोपाल के पास भेजा गया। सीईओ के अनुसार मथुरा और काशी दोनों ही मोक्ष दायिनी नगरी हैं। इन दोनों तीर्थस्थलों के बीच समन्वय और श्रद्धा का आदान-प्रदान एक अभिनव पहल है, जिसे इस वर्ष के रंगभरी एकादशी और होली पर्व में सम्मिलित किया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ धाम में मथुरा से प्राप्त भेंट सामग्री को रविवार को सुबह 6.30 बजे समारोह पूर्वक ग्रहण कर भगवान विश्वनाथ से अवलोकित कराया जाएगा। वहीं, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान में 9 मार्च को ही काशी से प्राप्त उपहार सामग्री को सुबह 9 बजे समारोह पूर्वक स्वीकार कर भगवान लड्डू गोपाल को अवलोकित कराया जाएगा। उपहार में प्राप्त खाद्य प्रसाद सामग्री का वितरण दोनों धाम में श्रद्धालुओं के बीच होगा। श्रीकृष्ण जन्म स्थान मथुरा से प्राप्त रंग अबीर गुलाल का प्रयोग रंगभरी एकादशी तथा होली के पर्व पर भगवान विश्वनाथ को अर्पित करने में किया जाएगा। इसी प्रकार श्री काशी विश्वनाथ धाम से श्री कृष्ण जन्म स्थान मथुरा को प्रेषित सामग्री का प्रयोग रंगभरी एकादशी एवं होली पर्व पर भगवान लड्डू गोपाल की होली में किया जाएगा। इस रस्म के दौरान मंदिर के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर शम्भू शरण, विशेष कार्याधिकारी उमेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मिनी एल. शेखर एवं समस्त कार्मिकों की सहभागिता रही। उल्लेखनीय है कि पौराणिक मान्यता के अनुसार रंगभरी एकादशी की कथा भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी को सुनाई थी।



- दोनों धार्मिक स्थानों पर उपहार बाबा विश्वनाथ और लड्डू गोपाल को अवलोकित कराया जाएगा

## रोज 8 से 10 हजार कदम पैदल चलिए, बीमारी दूर भगाइए, उम्र बढ़ाइए

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** द लांसेट में प्रकाशित एक अध्ययन में सात सालों तक 47,000 लोगों पर अध्ययन करने पर पाया गया कि पैदल चलने से बीमारी व उससे मौत का खतरा काफी कम हो सकता है। 60 व उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए रोज 6,000 से 8,000 कदम चलना सबसे ज्यादा लाभदायक रहा। जबकि 60 से कम उम्र वालों के लिए, रोज 8,000 से 10,000 कदम चलना ऑप्टिमल रेंज था। अध्ययन में पाया गया कि इस तरह रोज इतने कदम चलना केवल फिटनेस के बारे में नहीं है, बल्कि यह दीर्घायु के बारे में है पैदल चलने से आपको नींद अच्छी आती है और मूड में भी सुधार होता है। इससे स्पष्ट रूप से सोचने, सीखने और याद रखने की क्षमता भी सुधरती है।शारीरिक रूप से सक्रिय रहना शरीर के स्वस्थ व निरोग रहने के लिए कितना जरूरी है, चिकित्सक इसे लेकर समय-समय पर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। साथ ही इसे लेकर कई तरह की स्टडी भी सामने आ चुकी हैं, जिसमें बताया गया है कि शारीरिक गतिविधि या व्यायाम आपके स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है और डायबिटीज, कैंसर और हृदय रोग जैसी कई बीमारियों के होने व बढ़ने का खतरा कम हो सकता है। शारीरिक सक्रियता व पैदल चलना व कसरत करना उन बेहतरीन चीजों में से एक है, जो आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं। इससे मूड को सुधारने, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक के खतरे को कम करने, कुछ तरह के कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। टहलना सक्रिय रहने का एक बेहतर तरीका है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखपति दीदी सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने लिया भाग

# मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : प्रधानमंत्री

**पीएम ने कहा**
- ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है
- इसलिए मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है। हमने उनके बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया है।

### महाकुंभ में मिला मां गंगा का आशीर्वाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं।

### गुजरात : पीएम मोदी की सुरक्षा में सिर्फ महिला सुरक्षाकर्मी तैनात

गांधीनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को गुजरात के नवसारी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए पूर्णत: महिला पुलिस सुरक्षा तैनात की गई हैं। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने घोषणा की कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख केवल महिला पुलिसकर्मी करेंगी। संघवी ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात पुलिस एक अनूठी पहल कर रही है। प्रधानमंत्री के वानसी बोरसी गांव में हेलीपैड पर पहुंचने से लेकर कार्यक्रम के समापन तक सुरक्षा के हर पहलू का प्रबंधन केवल महिला पुलिस अधिकारी ही करेंगी। सुरक्षा तैनाती में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों से लेकर कांस्टेबल तक यानि सभी रैंकों के पुलिसकर्मी शामिल होंगे। कुल मिलाकर 2,100 से अधिक कांस्टेबल, 187 उप-निरीक्षक, 61 पुलिस निरीक्षक, 16 पुलिस उपाधीक्षक, पांच पुलिस अधीक्षक, एक पुलिस महानिरीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ड्यूटी पर रहेंगे। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और गृह सचिव निपुण तोरावणे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे और इस पहल का निर्बाध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

## पुलिस और गो तस्कर के बीच मुठभेड़, घायल आरोपी अस्पताल में भर्ती

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में शनिवार देर रात पुलिस ने गोकशी के वांछित आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अशरफ (22) के रूप में हुई है। पुलिस को आरोपी के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर चेकिंग शुरू की। इस दौरान हरचंदा रोड से आरोपी अशरफ जा रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा के तहत आरोपी के पैर पर गोली चलाई। जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीपी तिवारी, एसपी ग्रामीण, ने बताया कि चार मार्च को थाना जरवल रोड पर गोकशी का एक मामला पंजीकृत हुआ था। इस मामले की जांच जरवल थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम संयुक्त रूप से कर रही थी। इस बीच, हमें जैसे ही आरोपी अशरफ के बारे में जानकारी मिली, तो हमने मोर्चा संभालते हुए यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपी भी शामिल हैं। हमें उनकी तलाश है। जल्दी ही सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो जाएगी। पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम इस मामले में कई दिनों से कार्रवाई कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## महाकुम्भ के बाद त्रिवेणी के पावन जल की यूपी के बाहर राज्यों में बढ़ी मांग

**एजेंसी। प्रयागराज**

महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाय इसके लिए योगी सरकार ने अग्नि शमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का पवित्र जल पहुंचाया। यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी का यह जल पहुंचा ही था कि अब देश के दूसरे राज्यों से लोग निजी टैंकर लेकर संगम पवित्र जल लेने पहुंच गए हैं।

**यूपी के बाहर राज्यों में बढ़ी त्रिवेणी के पावन जल की मांग**

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ के समापन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में संगम के जल को महा प्रसाद के रूप में पहुंचाने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य महा कुम्भ आने से वंचित रह गई यूपी की जनता को त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान का अवसर प्रदान करना था। यूपी के अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई। महाकुम्भ के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल दमकल गाड़ियों के टैंकर में भरकर पहुंच चुका है। उसका वितरण भी हो गया है। उनका कहना है कि इधर यूपी के बाहर के कई राज्यों से उनके पास लोगों के फोन आ रहे हैं जिसमें उन राज्यों में भी त्रिवेणी के गंगा जल की मांग की गई है। प्रमोद शर्मा का कहना है कि शासन का निर्देश प्रदेश के अंदर गंगा जल आपूर्ति का था जिसे विभाग पूरा कर चुका है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हो गया ऐलान, दिल्ली में महिला सम्मान योजना लागू, मिलेंगे 2500 रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की महिलाओं को सीएम रेखा गुप्ता की सरकार बड़ा तोहफा दिया है। दिल्ली कैबिनेट ने शनिवार को महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिला सम्मान योजना लागू करने की घोषणा कर दी, जिसके तहत अब महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। इस साल के लिए 51 सौ करोड़ रुपए अलॉट किया गया है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वादा किया था। ऐसे में आज दिल्ली कैबिनेट से इसकी मंजूरी मिल गई है।सीएम रेखा गुप्ता ने मंत्रियों ने साथ कैबिनेट बैठक के बाद इस योजना को मंजूरी दी। महिला समृद्धि योजना का लाभ शुरुआत में केवल बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को मिलेगा। इसके तहत चयनित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी परिवार की भलाई के लिए आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। दिलृली सरकार ने महिला सम्मान समृद्धि योजना पर कैबिनेट बैठक के बाद मुहर लगाई है। आज मैं सभागार ने आई तो बहुत भावुक थी। इस महिला दिवस का यह सबसे बड़ा उपहार है। पिछली सरकारों ने महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं किया लेकिन हम आपकी अपेक्षाओं को पूरा करके दिखाएंगे। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि दिल्ली में बहनों से किया वादा पूरा किया जाएगा।

### महिलाएं समाज की रीढ़ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दे रहीं अहम योगदान : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल शालीमार बाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अहम योगदान दे रही हैं। दिल्ली देश का सबसे विकसित स्वास्थ्य केंद्र बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां लैंगिक समानता सिर्फ एक लक्ष्य न होकर एक जीवंत वास्तविकता हो। कार्यक्रम में डॉक्टरों के साथ एक पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों, समानता और समावेशी विकास के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## सरकारी योजनाओं की मदद से मुट्ठी भर महिलाओं ने भरी हौसले की उड़ान, हुनर से संभाला घर-बार

**एजेंसी। उधमपुर**





उधमपुर जिले की महिलाएं अब पहले से कहीं ज्यादा सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह बदलाव उन सरकारी योजनाओं के कारण संभव हो पाया है, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करना है। जिले की महिलाएं अब भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। इनमें स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन समूहों में महिलाएं एकजुट होकर संसाधन साझा करती हैं और एक-दूसरे का साथ देती हैं। इससे उन्हें वित्तीय सहायता और माइक्रोफाइनेंस के अवसर मिलते हैं, जो उन्हें छोटे व्यवसाय शुरू करने और उन्हें बनाए रखने में मदद करते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाएं अब अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इस मिशन का उद्देश्य गरीब परिवारों को स्वरोजगार और कुशल मजदूरी के अवसर देना है। उधमपुर में महिलाएं इससे लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बना रही हैं। 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' भी महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहा है। यह योजना महिलाओं को सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करती है। उधमपुर में महिला उद्यमी इस योजना का उपयोग कर विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय शुरू कर रही हैं, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। उधमपुर की उपायुक्त सुश्री सलोनी राय ने मीडिया से बातचीत में महिलाओं की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की मदद मिलने से महिलाएं न केवल व्यक्तिगत रूप से प्रगति कर रही हैं, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी योगदान दे रही हैं। महिलाएं अब अपने परिवारों की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और अपने व्यवसायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर उनकी स्किल्स में भी सुधार हुआ है, जिससे वे स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बन गई हैं। महिलाएं अब सामुदायिक निर्णय लेने में भी सक्रिय रूप से हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि उधमपुर जिले की महिलाओं का सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लैंगिक समानता और सतत विकास की ओर बढ़ा कदम साबित हो रहा है।

## जावेद अख्तर ने क्रिकेटर शमी को समर्थन दिया, 'कट्टरपंथियों की परवाह न करें'

**एजेंसी। मुंबई**



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान रोज़ा न रखने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे क्रिकेटर मोहम्मद शमी के समर्थन में मशहूर गीतकार जावेद अख्तर सामने आए हैं। उन्होंने शमी को कट्टरपंथियों की बातों पर ध्यान न देने की सलाह देते हुए टीम की जीत के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शमी को मंगलवार को दुबई में खेले गए मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीते हुए देखा गया था। इस दृश्य के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने शमी की आलोचना करते हुए कहा था कि रमजान के पवित्र महीने में रोजा न रखकर उन्होंने 'गुनाह' किया है। जावेद अख्तर ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शमी को सभी नकारात्मक टिप्पणियों को नजरअंदाज़ करने और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, शमी साहब, उन कट्टरपंथी मूर्खों की जरा भी परवाह मत कीजिए जिन्हें दुबई की झुलसाने वाली गर्मी में क्रिकेट के मैदान पर आपके पानी पीने से कोई समस्या है। यह उनका मामला नहीं है। आप उस महान भारतीय टीम का हिस्सा हैं जिस पर हम सभी को गर्व है। मेरी शुभकामनाएं आपके और पूरे टीम के साथ हैं। भारत ने मंगलवार के सेमीफाइनल मैच में जीत दर्ज कर रविवार को होने वाले फाइनल में जगह बना ली है।



# कबड्डी खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता पर दिया जोर

**राजकोट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के राजकोट की रहने वाली कबड्डी खिलाड़ी हस्ती वेगड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लड़कों और लड़कियों को समान बताते हुए समाज में समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़कियां कई क्षेत्रों में लड़कों से भी आगे बढ़ चुकी हैं और यह बदलाव दिखाता है कि महिलाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। हस्ती वेगड़ ने अपने खेल जीवन के बारे में बताते हुए 'आईएएनएस' से कहा कि वे 2012-13 से कबड्डी से जुड़ी हुई हैं और यह उनका मुख्य खेल है। उन्होंने स्कूल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कबड्डी खेली है और वर्तमान में वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय में एमपीएड में अभ्यास कर रही हैं। वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम की सबसे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, उन्होंने हैंडबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो और रग्बी जैसे खेलों में भी भाग लिया है, जिसमें पिछले साल रग्बी में उन्हें कांस्य पदक मिला था।

# गांगुली ने भारत को जीत का प्रबल दावेदार बताया

**परगना (पश्चिम बंगाल)।** पूर्व भारतीय कप्तान और बंगाल टाइगर के नाम से मशहूर सौरव गांगुली ने रविवार को होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को प्रबल दावेदार बताते हुए कहा कि भारत जीतेगा। भारत और न्यूजीलैंड रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ेंगे। इस मुकाबले में गांगुली भारत की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। सौरव गांगुली ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'जो भी अच्छा खेलेगा, वो ट्रॉफी जीतेगा।'' विराट कोहली और रोहित शर्मा को बड़ा खिलाड़ी बताते हुए गांगुली ने कहा कि इन पर भारत की जीत का दारोमदार रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में शुभमन गिल, विराट, श्रेयस अय्यर, रोहित और केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे।

# सलीमा टेटे, दीपिका ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्यक्त किए अपने विचार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और मिडफील्डर लालरेमसियामी ने खेलों में महिलाओं की शक्ति, उनके व्यक्तिगत सफर और आज की दुनिया में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विचार किया। उनके विचार लचीलापन, दृढ़ संकल्प और धैर्य को दर्शाते हैं, जिसने न केवल उनके खेल करियर को परिभाषित किया है, बल्कि पूरे भारत में खेलों में महिलाओं के निरंतर विकास में भी योगदान दिया है। झारखंड के एक छोटे से गांव से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक सलीमा टेटे का सफर उल्लेखनीय रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण पर बोलते हुए, उन्होंने कहा, "एक साधारण पृष्ठभूमि से आने के कारण, मैं जानती हूं कि सीमाओं को लांघना और सामाजिक मानदंडों के खिलाफ लड़ना क्या होता है। मैंने लकड़ी की छड़ियों से खेलना शुरू किया, लेकिन इसने मुझे कभी बड़े सपने देखने से नहीं रोका।

# अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है : शास्त्री

**एजेंसी। दुबई**





भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए चेतावनी जारी की, जो टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब की तलाश में है। भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज की जीत सहित अब तक चार मैचों में अपराजित रिकॉर्ड होने के बावजूद, शास्त्री को लगता है कि ब्लैककैप्स एकमात्र टीम है जो उन्हें हरा सकती है। अनुभवी खिलाड़ी का आकलन गलत नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी नॉकआउट में भारत पर जीत हासिल की है, उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच खेले गए चार में से तीन मैच जीते हैं।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत पसंदीदा के रूप में शुरू होता है, लेकिन केवल थोड़ा सा। शास्त्री ने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए तीन ऑलराउंडर - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और ग्लेन फिलिप्स को चुना।"प्लेयर ऑफ द मैच, मैं किसी ऑलराउंडर को चुनूंगा। मैं भारत से अक्षर पटेल या रवींद्र जडेजा को चुनूंगा। न्यूजीलैंड से, मुझे लगता है कि ग्लेन फिलिप्स में कुछ खास है। वह मैदान में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, "वह 40, 50 रन की पारी खेल सकते हैं और शायद एक या दो विकेट लेकर आपको चौंका सकते हैं। शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि अगर उनकी टीमें खिताब जीतती हैं तो विराट कोहली, केन विलियमसन और रचिन रवींद्र रविवार को अहम भूमिका निभाएंगे। विलियमसन और कोहली दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं, दोनों ने अपने चार मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। रवींद्र भी असाधारण रहे हैं, उन्होंने दो शतक बनाए हैं, जिसमें सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच की जीत शामिल है।शास्त्री ने कहा, "अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं, तो वे मुसीबत बन जाते हैं। चाहे वह विलियमसन हों या कोहली।इसलिए न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। एक हद तक रचिन रवींद्र, वह एक शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं, तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।"दुबई में होने वाले फाइनल मैच के साथ - एक ऐसा मैदान जो पूरे टूर्नामेंट में स्पिनरों के लिए मददगार रहा है - शास्त्री से पूछा गया कि क्या कोई भी टीम अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकती है, खासकर न्यूजीलैंड, जो इसी मैदान पर भारत के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच हार गया था। शास्त्री ने कहा, "मुझे आश्चर्य

# जमशेदपुर एफसी सीजन की रिकॉर्ड 13वीं लीग जीत के लिए चेन्नइयन एफसी से भिड़ेगी

**चेन्नई (आईएएनएस)**

चेन्नइयन एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे यहां घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेगी। यह दोनों टीमों का लीग दौर का आखिरी मैच होगा, जिससे दोनों टीमें सकारात्मक परिणाम पाना चाहेंगी। जमशेदपुर एफसी 23 मैचों में 12 जीत, दो ड्रा और नौ हार से 38 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

वहीं, चेन्नइयन एफसी 23 मैचों में छह जीत, छह ड्रा और 11 हार से 24 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है और प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है।चेन्नइयन एफसी ने रिवर्स फिक्स्चर 5-1 से जीता था, लेकिन वो अपने पिछले दो मैचों में गोल नहीं कर पाई है। वहीं, जमशेदपुर एफसी अपने बेस्ट 13 जीत से एक दूर है, लेकिन अपने पिछले पांच मुकाबलों में से सिर्फ एक जीती है।

## चेन्नइयन एफसी का घरेलू संघर्ष

- **घर पर जीत से दूरी:** चेन्नइयन एफसी इस सीजन में अपने 11 घरेलू मैचों में से सिर्फ दो में विजयी रही है (4 ड्रा, 5 हार)।
- **गोल का सूखा:** मरीना मचांस ने इस सीजन के 10 मैचों में गोल नहीं किया है। विल्मर जॉर्डन गिल 10 गोल के साथ प्रभावी रहे हैं और उनके बाद डेनियल चीमा चुक्वू ने चार गोल किए हैं।

## रेड माइनर्स का सीजन

- **विदेशी तिकड़ी:** जमशेदपुर एफसी के लिए गोल की जिम्मेदारी विदेशी तिकड़ी हावी हर्नांडिज (7), जॉर्डन मरे (6) और हावी सिवेरियो (6) पर होगी। तीनों ने 35 में से 19 गोल किए हैं। हालांकि हर्नांडिज को इस मैच से निलंबित हैं।
- **टैकल में माहिर:** जमशेदपुर एफसी के मुहम्मद उवैस (33), निखिल बारला (24), सौरव दास (24) टैकलिंग करके विपक्षी टीम के आक्रमण तोड़ रहे हैं।

# गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराया

**एजेंसी। लखनऊ**



वीमिंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का 17वां मुकाबला शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। जायंट्स ने हरलीन देओल की तेजतर्रार नाबाद पारी की बदौलत कैपिटल्स को पांच विकेट से मात दी। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। टीम को पहला झटका हेमलता (1) के रूप में लगा। विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (44) और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई हरलीन देओल (नाबाद 70) ने तेजतर्रार पारी खेली। अंत में कप्तान गार्डनर (22) और डोटिन (24) ने भी अहम योगदान दिया। गुजरात ने तीन गेंदें शेष रहते 19.3 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 178 का लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबले को पांच विकेट से अपने नाम कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सिखा पांडेय और जेस जोनासेन को दो-दो सफलताएं मिलीं जबकि मिन्नु मनी ने एक विकेट चटकाया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 177 रनों का स्कोर खड़ा किया था। टीम की तरफ से कप्तान मेग लैनिंग ने 57 गेंदों पर 92 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। वहीं, शेफाली वर्मा ने भी 27 गेंदों पर 40 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। लैनिंग अपने शतक और शेफाली वर्मा अपने अर्धशतक से चूक गईं।

# कोलकाता को 56 रन से हराकर जेएससीए ने की जीत हासिल





महिला क्रिकेट खिलाड़ी को किट देकर सम्मानित करते क्रिकेटर हरभजन सिंह, सुरेश रैना, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, धीरज साहू, रामेश्वर उरांव।

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को कोलकाता और झारखंड की टीम के बीच महामुकाबला खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर कलकत्ता की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वहीं जेएससीए की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 222 रन बनाए। टीम की ओर से अरविंद कुमार 152, श्रेष्ठ सागर 19, विराट सिंह 18 रनों का योगदान दिया। वहीं कलकत्ता के गेंदबाज सक्षम चौधरी 2 विकेट, अंकुर, एरका और प्रियांशु ने एक एक विकेट प्राप्त किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कलकत्ता की टीम 17 ओवर में 166 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सुप्रोदीप देवनाथ 36, एशीक पटेल 34, दीपक 33, कुमार अश्विन 27 रनों का योगदान दिया। वहीं जेएससीए टीम के गेंदबाज बाल कृष्ण 3, अभिषेक यादव 3, साहिल और रौनक एक एक विकट प्राप्त किया। इस तरह जेएससीए टीम ने फाइनल मुकाबला 57 रनों से जीत दर्ज की। गौरतलब है कि बलदेव साहू क्रिकेट स्टेडियम, लोहरदगा में आयोजित तृतीय आल इंडिया शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट (लोहरदगा प्रीमियर क्रिकेट लीग) के समापन समारोह में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह एवं सुरेश रैना के साथ सम्मिलित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खिलाड़ियों को क्रिकेट कीट देकर सम्मानित किया।मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी केराजू,विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक सिमडेगा भूषण बाडा, प्रदीप बलमुचू सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# अपनी सभी बेटियों को गले लगाने वाला भारत दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार : अदाणी

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने शनिवार को कहा कि यह एक्शन में तेजी लाने का समय है, जिसे 2025 के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए सही रूप से थीम के रूप में चुना गया है। इसलिए नहीं कि यह सही कॉर्पोरेट रणनीति या एक लोकप्रिय सामाजिक कारण है, बल्कि इसलिए कि पत्नियां, बेटियां और पोतियां एक ऐसे भविष्य की हकदार हैं, जो उनके सपनों से सजा हो। इस बात पर जोर देते हुए कि अपनी सभी बेटियों को गले लगाने वाला भारत दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है, अरबपति उद्योगपति ने बनासकांठा से लेकर बोर्डरूम तक सभी महिलाओं को याद किया, जिन्होंने उनकी दुनिया को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। गौतम अदाणी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लिंक्डइन पर एक पोस्ट में लिखा, "जेंडर समानता को लेकर मेरी समझ बोर्डरूम या नीतिगत बहसों से नहीं बनी, इसे घर पर ही विकसित किया गया, जहां मैं महिलाओं से घिरा हुआ था, जिनकी ताकत और ज्ञान ने मेरे दृष्टिकोण को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, "अब, तीन खूबसूरत पोतियों के आशीर्वाद से, यह वादा पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल और जरूरी हो गया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल कैलेंडर पर एक तारीख नहीं है, यह हमारे द्वारा की गई प्रगति और अभी भी आगे की यात्रा की एक मार्मिक याद दिलाता है। उन्होंने अपनी मां को याद करते हुए कहा, "बनासकांठा के रेगिस्तानी इलाकों में पले-बढ़े, मैंने अपनी मां को अभाव के जीवन में और कठिनाई को सद्भाव में बदलते देखा। वह एक मूक शक्ति थी, जिसने हमारे बड़े संयुक्त परिवार को एक साथ रखा, जो अथक प्रयास, अटूट प्रेम, साहस और लचीलापन की प्रतीक थी।




## परिचालन और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की अनुपस्थिति देखी

उन्होंने पोस्ट में लिखा, "देश के दूरदराज के गांवों में ग्रामीण महिलाओं के साथ बातचीत करते हुए, उनके परिवारों के भविष्य के लिए परिवर्तनकारी मुद्दों पर चर्चा करते हुए, अदाणी फाउंडेशन की संघिनियों से सीखते हुए, जो गर्भवती माताओं को खुद की और बच्चे की देखभाल करना सिखाती हैं, इन सभी ने मुझे सशक्तीकरण के वास्तविक सार को समझने में मदद की है। उनके अनुसार, मुंद्रा में युवा लड़कियों से मिलना प्रेरणादायक है, जो समूह की शिक्षा पहल के माध्यम से अब इंजीनियर बनने का सपना देखती हैं या गोड्डा (झारखंड में) की महिला उद्यमियों के दृढ़ संकल्प को देखना, जो दिहाड़ी मजदूर से सफल व्यवसायी बन गई हैं। कई साल पहले, एक बंदरगाह परियोजना के दौरे के दौरान, उन्होंने परिचालन और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की अनुपस्थिति देखी। यह क्षमता की कमी के कारण नहीं था, बल्कि पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में उनके लिए रास्ते की अनुपस्थिति के कारण था।

# केंद्र ने एक लाख से अधिक महिला पशुपालकों को जूनोटिक बीमारियों को लेकर किया जागरुक

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 1 लाख से अधिक पशुपालक महिला किसानों को अलग-अलग जूनोटिक बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई है। विशेषज्ञों और पशु चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ दूध उत्पादन और रोग की रोकथाम में एथनोवेटरनरी दवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने वर्चुअल सेशन की अध्यक्षता करते हुए कहा, "डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उपाध्याय ने कहा, "महिला डेयरी किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), समुदाय से जुड़े किसानों (सीएलएफ) और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से खुद को संगठित करने में सक्षम रही हैं।

# अनुकूल वैश्विक और घरेलू संकेतों से बाजार में सुधार, सकारात्मक रुख बरकरार : विशेषज्ञ

**मुंबई (आईएएनएस)**

लगातार तीन सप्ताह की गिरावट के बाद, भारतीय शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की और सप्ताह के अंत में करीब दो प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। अनुकूल वैश्विक और घरेलू संकेतों से बाजार में सुधार हुआ, जिससे निवेशकों में विश्वास बढ़ा। निफ्टी 22,552.50 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 74,332.58 पर बंद हुआ, जो एक महत्वपूर्ण उछाल दर्शाता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुसंधान अजीत मिश्रा ने कहा, "अमेरिकी टैरिफ में देरी और आगे की बातचीत की संभावना की रिपोर्ट के बाद ग्लोबल सेंटीमेंट में सुधार हुआ, जिससे वित्तीय बाजारों को स्थिर करने में मदद मिली। इसके अलावा, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाया। डॉमेस्टिक फ्रंट पर, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सिस्टम में एडिशनल लिक्विडिटी डालने के फैसले ने सकारात्मक गति को बढ़ाया।

# पिछले 10 वर्षों में महिला लोको पायलटों की संख्या में 5 गुना वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पिछले 10 वर्षों में देश में ट्रेन चलाने वाली महिला लोको पायलटों की संख्या में लगभग पांच गुना वृद्धि हुई है, जो इस क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी के साथ ही टूटती रूढ़िवादिता को दर्शाता है। भारत के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय रेलवे में 2024 तक करीब 1,828 महिला लोको पायलट काम कर रही हैं, जबकि एक दशक पहले यह संख्या मात्र 371 थी। आंकड़ों के अनुसार, महिला लोको पायलट की संख्या में पिछले 10 वर्षों में आया यह उछाल अलग-अलग राज्यों से देखा गया है। उत्तर प्रदेश से महिला लोको पायलट की यह संख्या 36 से बढ़कर 222 हो गई है। इसी तरह तेलंगाना से महिला लोको पायलट 13 से बढ़कर 196 और तमिलनाडु से 39 से बढ़कर 180 हो गई हैं। महिलाओं ने लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, ट्रैकमैन, सिग्नल मेंटेनेंस, गार्ड और गैंगमैन जैसे क्षेत्रों में प्रवेश किया है।

# फरवरी में 220 करोड़ से ज्यादा आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन हुए, 14% का जबरदस्त उछाल दर्ज : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार के मुताबिक फरवरी में करीब 225 करोड़ आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन और 43 करोड़ ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन किए गए, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार ने शुक्रवार को ये जानकारी साझा की। ई-केवाईसी सर्विस बैंकिंग और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस दोनों में ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने में सहायक रही है। इस सर्विस ने अलग-अलग उद्योगों में ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने में भी योगदान दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 2025 के अंत तक, आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की कुल संख्या 14,555 करोड़ को पार कर गई थी, जबकि कुल ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन 2,311 करोड़ से अधिक हो गए थे। आधार का इस्तेमाल कर फेस ऑथेंटिकेशन भी लोकप्रिय हो रहा है।

# आरबीआई ब्याज दरों में कर सकता है कटौती, मुद्रास्फीति में कमी का दिखेगा असर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** भारत की मुद्रास्फीति जनवरी में 5.22 प्रतिशत से घटकर 4.31 प्रतिशत हो गई। लगातार चार महीने तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद, यह आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई। यह ट्रेंड संभावित दरों में कटौती की संभावना को मजबूत करता है, जिसमें रेपो रेट 6.25 प्रतिशत पर है। शनिवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार की स्थिति निवेशकों के बीच सतर्कता की भावना को दर्शाती है, जो आर्थिक स्थितियों, सेक्टर-स्पेसिफिक विकास और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के रुझानों से जुड़ी है। फरवरी में निफ्टी 500 इंडेक्स में 7.88 प्रतिशत की गिरावट आई। फैक्टर-बेस्ड रणनीतियों ने बाजार मूवमेंट को दर्शाया, जबकि निफ्टी 5 ईयर बेंचमार्क जी-सेक (+0.53 प्रतिशत) सहित निश्चित आय वाले साधनों ने स्थिरता प्रदर्शित की।

# योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के शिलान्यास समारोह में लिया भाग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के प्रस्तावित इंडिया डेवलपमेंट सेंटर (आईडीसी) कैंपस के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। 15 एकड़ में फैला प्रस्तावित नोएडा कैंपस, जिसमें 1.1 मिलियन वर्ग फीट निर्मित क्षेत्र है, एआई, क्लाउड और सुरक्षा में एडवांसमेंट के लिए एक हब के रूप में काम करेगा, जिससे देश में माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी की उपस्थिति का और विस्तार होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, "प्रस्तावित नोएडा कैंपस के साथ, माइक्रोसॉफ्ट भारत की एआई क्षमताओं को मजबूत करने और इंजीनियरिंग टैलेंट और डिजिटल इनोवेशन का समर्थन करने की अपनी गति को जारी रखेगा। माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा, "हमारे नए नोएडा कैंपस का शिलान्यास समारोह एडवांसिंग रिस्पॉन्सिबल एआई इनोवेशन को आगे बढ़ाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के कमिटमेंट को दर्शाता है, जो सभी समुदायों, व्यवसायों और नागरिकों को सशक्त बनाता है। प्रस्तावित सुविधा भारत और दुनिया से टॉप टैलेंट को आकर्षित करेगी और उन्हें एआई, क्लाउड और सुरक्षा में इनोवेशन के लिए सशक्त बनाएगी, जिसका सकारात्मक प्रभाव दुनिया भर में अरबों लोगों के जीवन पर पड़ेगा।

# भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों में 5.8% बोर्ड सीट महिलाओं के पास : रिपोर्ट

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

116 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों की 1,314 बोर्ड सीटों में से 76 सीटें महिलाओं के पास हैं, जो कि कुल सीटों का 5.8 प्रतिशत भाग है। शनिवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट देश में यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में जेंडर डायवर्सिटी को बेहतर बनाने के अवसर पर प्रकाश डालती है। इसके विपरीत, हाल ही में डेलॉइट की 'वूमन इन द बेडरूमः ए ग्लोबल परस्पेक्टिव' रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारतीय इंक में महिलाओं के पास 18.3 प्रतिशत बोर्ड सीटें थीं, जबकि वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत है। एक प्राइवेट मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, प्राइवेट सर्किल रिसर्च के अनुसार, कंपनी लेवल पर 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में से 48 प्रतिशत के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक थीं।

## झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखाएगी



**रांची।** झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी। माह के अंत से रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान चार से पांच डिग्री की वृद्धि होगी। इससे रांची में तापमान बढ़कर लगभग 37-38 डिग्री हो जाएगा, जबकि गर्मी अभी तीन माह बाकी है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड का एहसास हुआ, जबकि दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.9, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री, चाईबासा 34.8, देवघर 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 'बाहा पर्व' पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की सरना पूजा

# आदिवासी समाज की एकजुटता पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रकृति उपासना के महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर के कदमा स्थित शास्त्रीनगर सरना पूजा स्थल, जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संरक्षण के बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित योजनाओं से आदिवासी समाज को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं।



इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड पर बाबूलाल का हमला, कहा

# सरकार ने अपराधियों के हौसले बढ़ाए हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और



नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम की गोली मारकर हत्या की घटना को स्तब्ध करने वाला बताया। शनिवार को अपने बयान में मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भड़काऊ बयानों के चलते कोयला कारोबार प्रभावित हो रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सात मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपराधियों को उकसाकर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोयले के काले कारोबार में न जाने कितने निर्दोष लोगों की जान जाएगी।उन्होंने दावा किया कि झारखंड के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा में प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रही है। इस अवैध कारोबार से वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंटता है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो हत्याएं और अपराध इसी तरह जारी रहेंगे। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोयला चोरी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई के लिए एसआईटी बनाना अच्छी पहल है, लेकिन इसे ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया जाना चाहिए। जब तक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तब तक कोयला चोरी और उससे जुड़े अपराधों पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा। उन्होंने राज्य के डीजीपी से भी आग्रह किया कि कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल सीएम व नेता प्रतिपक्ष ने दीं शुभकामनाएं

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने







शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नारी शक्ति सिर्फ सृजन नहीं, बल्कि अटूट संकल्प, प्रेम और प्रेरणा की मूर्ति है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। अबुआ सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के जरिए राज्य की मां, बहन, बेटियों को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमारा संकल्प केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, नारी तू नारायणी। महिलाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य को समर्पित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन प्रमुख नेताओं ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।

### आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से बीयर बरामद किया है। उपनिरीक्षक सुरज पांडे ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ की ओर से स्टेशनों पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। उसकी बैग से कुल 24 किंगफिशर बीयर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अशिष रंजन बताया। वह बिहार के पटना का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 बिहार जा रहा था इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को जब्त बीयर और गिरफ्तार व्यक्ति को सौंप दिया गया।

# मिशन यूपीएससी आदिवासी छात्रों के साथ क्रूर मजाक : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की 'मिशन यूपीएससी' योजना की कड़ी आलोचना करते हुए इसे छात्रों के साथ क्रूर मजाक करार दिया है। उन्होंने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कहा कि यह योजना लाभकारी बनने के बजाय अव्यवहारिक चयन प्रक्रिया के कारण अपनी मूल भावना से भटक गई है। सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार, इस योजना के तहत झारखंड के 100 आदिवासी छात्रों को दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए 80,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। हालांकि, इस योजना का लाभ किन छात्रों को मिलेगा, इसकी चयन प्रक्रिया चौंकाने वाली है।

पत्रकार-वार्ता में अजय साह ने कहा कि इस योजना के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करने का तरीका पूरी तरह से



अव्यवहारिक और अनुचित है। चयन प्रक्रिया के अनुसार सबसे पहले उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने यूपीएससी का साक्षात्कार दिया है। इसके बाद, यूपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्रों को लिस्ट में शामिल किया जाएगा। तीसरे स्थान पर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) साक्षात्कार में शामिल हुए छात्र होंगे। चौथे और अंतिम स्थान पर जेपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्र होंगे। साह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिन छात्रों ने पहले ही यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता देने का क्या औचित्य है? उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह ऐसा ही है जैसे सरकार ने पढ़ाई के लिए कोई योजना बनाई हो, लेकिन उसमें शर्त रख दी हो कि इसका लाभ केवल उन छात्रों को मिलेगा जो पहले से ही पीएचडी कर चुके हैं। यह योजना उन छात्रों की जरूरतों को नजरअंदाज कर रही है जो वास्तव में इसकी सहायता से अपनी तैयारी बेहतर कर सकते थे। साह ने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में ऐसी योजनाओं के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट प्रतियोगिता के जरिए तैयार की जाती है, जिससे योग्य और जरूरतमंद छात्रों का चयन हो सके। गुजरात सरकार ने खुद की कोचिंग व्यवस्था स्थापित की है, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल रहा है।

### संजय सेठ के आवास पर होली मिलन नौ को



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया जाएगा। होली मिलन समारोह कार्यक्रम पिस्कामोड स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## गलत मंशा के साथ केंद्र ला रहा परिसीमन : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटट्राचार्य ने कहा है कि देश में होनेवाले परिसीमन को लेकर जो ड्राफ्ट आया है उससे पता चलता है कि केंद्र सरकार गलत मंशा के साथ ला रही है। सुप्रियो ने कहा कि इस परिसीमन से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यकों के राजनीतिक दखल को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रियो ने यह बातें शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। सुप्रियो ने कहा कि इसके पूर्व में जो परिसीमन लाया जा रहा था तो इसका कड़ा विरोध हमलोगों ने संगठित होकर किया था। इससे इसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों को राहत दे दिया था। लेकिन इस बार इसके दायरे में झारखंड को भी रखा गया है और परिसीमन लागू होने से लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 846 हो जाएगी जो 77 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार झारखंड में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 14 से बढ़कर 24 हो जाएगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में यह 42 से बढ़कर 60, बिहार में 40 से 79, उत्तर प्रदेश में 80 से बढ़कर 143 तक हो जाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**एनटीपीसी के डीजीएम की गोली...**

देखा जा रहा है। वह इसलिए कि कुमार गौरव पर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी। वहीं, कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया। यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि कुमार गौरव अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। जब उनकी उम्र दो साल की थी, तब ही उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। उनकी माता ने परिवार का भरण पोषण किया। बहुत ही मेहनत से उन्होंने यह नौकरी पाई थी। उनकी उम्र लगभग 42 वर्ष थी। उनकी एक बेटी है, जिसकी उम्र 10 वर्ष है। बेटी हजारीबाग के स्कूल में पढ़ाई करती हैं। मूल रूप से कुमार गौरव नालंदा के किंगर सराय के रहने वाले थे। घटना के बाद मृतक की मां और धर्मपत्नी भी अस्पताल पहुंची।

**घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है, यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं, यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया, जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। कोल माइनिंग पकरी बरवाडीह के अध्यक्ष कमल राम रजक ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों की सुरक्षा का इंतजाम पुख्ता हो।

**ललित मोदी ने भारत की कार्रवाई...**

आईपीएल के लिए 425 करोड़ रुपये के टीवी अधिकार सौदे के संबंध में विभिन्न एजेंसियों की जांच के घेरे में हैं। विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित मामलों में मुंबई में आयकर और ईडी अधिकारियों के साथ सिर्फ एक पूछताछ सत्र में भाग लेने के बाद , वह मई 2010 में ब्रिटेन भाग गया।2008 में मोदी आईपीएल की शुरूआत के पीछे का चेहरा थे, एक ऐसी लीग जिसमें क्रिकेट के टी 20 प्रारूप के साथ ग्लैमर का मिश्रण था, और एक ऐसी लीग जो आज विश्व खेलों में एक बड़ी ताकत बन गई है। वर्ष 2009 में जब भारत में आम चुनावों के बाद आईपीएल को दक्षिण अफ्रीका में स्थानांतरित करना पड़ा, तो मोदी ने साबित कर दिया कि इस उत्पाद का मूल्य भारत के बाहर भी बड़ा मूल्य रखता है।आईपीएल 2010 के फाइनल के तुरंत बाद, मोदी को बीसीसीआई से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि उन पर दो नई फ्रेंचाइजी, पुणे व कोच्चि पर बोली में हेराफेरी करने के आरोप में कदाचार, अनुशासनहीनता और वित्तीय अनियमितताएं करने का आरोप लगाया गया था। बीसीसीआई ने उनके विरूद्ध जांच शुरू की और 2013 में एक समिति द्वारा उन्हें इन आरोपों का दोषी पाए जाने के बाद उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। उसके बाद से ही वे लंदन से बाहर रह रहे हैं। हालांकि, ललित मोदी ने कई इंटरव्यू देकर बीसीसीआई द्वारा लगाए गए सभी आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने ईडी द्वारा दर्ज किए गए मनी लांड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के लिए वर्ष 2015 में ललित मोदी के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। दक्षिणी प्रशांत महासागर में 80 से ज्यादा द्वीपों में वानुअतु की आबादी लगभग 3 लाख है। यहां पहले 1.3 करोड़ रुपए में नागरिकता मिलती थी, यह टैक्स स्वर्ग देश है, यहां किसी तरह का टैक्स नहीं लगता, इसलिए यह भगोड़े अरबपति धंधेबाजों का पसंदीदा देश बन गया है। इस द्वीप का स्ट्रेच 1300 किलोमीटर है। इसने 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की। वानुअतु अपने निवेश कार्यक्रम के जरिए नागरिकता प्रदान करता है, जिसके लिए गैर-वापसी योग्य दान या निवेश की आवश्यकता होती है। कैपिटल इन्वेस्टमेंट इमिग्रेशन प्लान के अनुसार, एकल आवेदकों के लिए, यह राशि 155,000 अमेरिकी डॉलर (1.3 करोड़ रुपए) है, जो इसे नागरिकता प्राप्त करने के सबसे सस्ते विकल्पों में से एक बनाता है।

### सिल्ली में आजसू ने महिलाओं को किया सम्मानित

## महिलाओं को अधिकार, समृद्ध समाज का आधार : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिलना समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने यह बात कही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सुदेश महतो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ. आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देना है। वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ चंद रुपये बांटकर उन्हें भरण-पोषण तक सीमित रखना चाहती है, जो महिला विकास का अपमान है।उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने 50 लाख महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब 38 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात हो रही है। यह सरकारी खजाने की लूट और वोट बैंक की राजनीति है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

## पर्यावरण अनुकूल कार्य को बढ़ावा देने के लिए सेल प्रतिबद्ध : प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के आंतरिक सलाहकार, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने, भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की ओर से प्रमाणित सेल की पहली ग्रीन बिल्डिंग का अनावरण अमरेंदु प्रकाश ने शनिवार को सेटेलाइट कॉलोनी में किया। इसमें सेल बोर्ड के निदेशकों वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (मार्केटिंग), ऐके तुलसियानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), बीके तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो), एमआर गुप्ता निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चा माल) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की मेजबानी सीईटी के ईडी श्रवण कुमार वर्मा ने की। मौके पर अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि ग्रीन बिल्डिंग सेल की पर्यावरण-सुरक्षा मुहिम में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि सभी पर्यावरण पदचिह्नों को कम करने और इस्पात उद्योग में पर्यावरण के अनुकूल कार्य को बढ़ावा देने के लिए सेल प्रतिबद्ध है। सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में स्थित 30 वर्ष पुराने इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल (आईच) को कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है, जो पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए सेल के समर्पण को दशार्ता है। बिल्डिंग की नई डिजाइन और विशेषताएं उच्चतम ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण व अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करती है।

### जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन, कहा

# केस निष्पादन में मध्यस्थों की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन हाई कोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में किया। मौके पर जस्टिस प्रसाद ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों का निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से करने पर जोर दिया और लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन झालसा से होता था, लेकिन अब सिविल कोर्ट से हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि आगे भी उद्घाटन कार्यक्रम डालसा से ही हो। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण कर वादकारियों को लाभ पहुंचाना है, ताकि वादकारियों के




धन और समय की बचत हो।

### लाभुकों में बांटा गया चेक

इस मौके पर सिविल कोर्ट परिसर में खोले गए रिनोवेटेड पोस्ट ऑफिस कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक अदालत में लाभुकों के बीच जस्टिस प्रसाद ने चेक का वितरण भी किया।

### 18.70 लाख मामलों से आठ अरब आठ करोड़ की राशि का सेटलमेंट

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18 लाख 70 हजार 657 मामलों का निष्पादन हुआ। इसमें कुल लंबित एक लाख 46 हजार 918 और प्री-लिटिगेशन के 17 लाख 23 हजार 793 मामले शामिल हैं। साथ ही आठ अरब आठ करोड़ 50 लाख 28 हजार रुपए का सेटलमेंट किया गया। कार्यक्रम में झालसा की सदस्य सचिव, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि जस्टिस प्रसाद के मार्गदर्शन में झालसा ने कई मुकाम हासिल किये हैं। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि लोक अदालत वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है । जिला बार एसोसएिशन के महासचिव संजय विद्रोही ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। उन्होंने महिलाओं को हमेशा सम्मान देने की बातें कही। वहीं रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि लोक अदालत एक मंच हैं, जहां गरीबों और असहाय लोगों के वादों का निस्तारण निःशुल्क होता है। उन्होंने सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाये जा रहे मंईयां सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए झालसा ने लगभग 294 बेंच का गठन किया गया था। कार्यक्रम में न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, डीसी मंजुनाथ भजंत्री, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, एसएस फातमी, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-एक, कुटुम्ब न्यायालय संजीता श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# पीएम मोदी के 'एक्स' हैंडल पर महिला सीईओ ने शेयर की अपनी स्टोरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजयता शाह, 'परमाणु प्रौद्योगिकी से जुड़ीं एलीना मिश्रा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़ी शिल्पी सोनी ने पीएम मोदी के एक्स 'हैंडल' को ऑपरेट किया और इस प्लेटफॉर्म पर अपनी स्टोरी शेयर की। फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजयता शाह ने महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया हैंडल को संभालने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पीएम के एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, "एक मुद्दा जो मेरे दिल के करीब रहा, वह था ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियां। ये चुनौतियां वित्तीय, बुनियादी ढांचे तक पहुंच और बहुत कुछ हो सकती हैं। इसलिए, मैंने पिछले दो दशक इसे कम करने में बिताए हैं। और, मुझे गर्व है कि न केवल मैं बदलाव लाने में सक्षम रही हूं, बल्कि मैं कई और महिलाओं को भी इस अवसर पर आगे बढ़ते और ऐसा करते हुए देख रही हूं।" उन्होंने बताया कि 2011 में उन्होंने फ्रंटियर मार्केट्स की स्थापना इस विश्वास के साथ की थी कि अगर ग्रामीण महिलाओं को समर्थन मिले तो कोई भी ताकत उन्हें कुछ भी हासिल करने से नहीं रोक पाएगी। उन्होंने कहा, "हमारे संयुक्त प्रयासों ने हजारों महिलाओं का एक शक्तिशाली नेटवर्क सुनिश्चित किया है जो आत्मनिर्भर बन रही हैं और अन्य महिलाओं को आजीविका दे रही हैं। हमारा जोर हमेशा महिलाओं के कौशल और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर रहा है। आप सभी को यह देखकर आश्चर्य होगा कि भारत की महिलाएं किस आसानी से प्रौद्योगिकी को अपना रही हैं।"

अजयता ने बताया कि 'मेरी सहेली ऐप' ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनने में मदद करने के लिए तकनीक और एआई का उपयोग करने में मदद कर रही है। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे भारत की कहानी का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा, "बहुत सी महिलाओं ने दिखाया है कि बाधाओं को कैसे तोड़ा जाए और यह कैसे हासिल किया जाए। मेरा अपना अनुभव कहता है कि आकाश ही सीमा है। आत्मनिर्भर बनें और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर जीवन दें।"

परमाणु प्रौद्योगिकी से जुड़ी एलीना मिश्रा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़ी शिल्पी सोनी ने भी अपने बारे में जानकारी दी। एलीना मिश्रा, एक परमाणु वैज्ञानिक और शिल्पी सोनी, एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं। परमाणु प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र भारत में महिलाओं के लिए इतने सारे अवसर देखना एक समय बहुत मुश्किल था। इसी तरह, अंतरिक्ष की दुनिया में महिलाओं और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी भारत की प्रगति में योगदान दे रही है। एलीना परमाणु प्रौद्योगिकी को जीवन को बेहतर बनाने में इस्तेमाल करने पर काम कर रही हैं और उन्होंने इस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल निदान और इमेजिंग सुविधाएं कम संख्या में हैं। इसके लिए कम लागत वाली, कॉम्पैक्ट, पोर्टेबल, क्रायो-फ्री, हल्के वजन वाली प्रणाली के लिए एक नया समाधान तैयार किया गया है जिसे आसानी से दूरदराज के इलाकों में ले जाया जा सकता है। आगे अपनी कहानी शेयर करते हुए शिल्पी सोनी ने कहा, "मैं मध्य प्रदेश के सागर से हूं। मैं एक बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से हूं, लेकिन मेरा परिवार हमेशा से ही सीखने, नवाचार और संस्कृति के प्रति जुनूनी रहा है। डीआरडीओ में काम करने के बाद, इसरो के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था, जहां मैंने पिछले 24 वर्षों में इसरो के 35 से अधिक संचार और नेविगेशन मिशन के लिए अत्याधुनिक आरएफ और माइक्रोवेव सबसिस्टम तकनीकों के डिजाइन, विकास और प्रेरण में योगदान दिया है। इसरो के बारे में मुझे जो बात पसंद है, वह यह है कि इसमें कोई बाधा नहीं है और यह सभी के लिए अपार अवसर प्रदान करता है।"उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से हम पर निर्भर करता है कि हम इन अवसरों को अवसरों में कैसे बदलते हैं, अपने पंख कैसे फैलाते हैं और ऊंची उड़ान कैसे भरते हैं।

### वैज्ञानिक क्षेत्र में काम करने का मेरा सपना हुआ पूरा

पीएम मोदी के 'एक्स' हैंडल पर एलीना मिश्रा ने अपनी कहानी शेयर करते हुए कहा कि मैं भुवनेश्वर से हूं। मैं एक ऐसे परिवार से हूं जिसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि बहुत अच्छी है और इसलिए उन्हें विज्ञान में रुचि विकसित करने और सीखने में मदद मिली। मेरे पिता मेरे प्रेरणास्रोत हैं और जिन्हें मैंने अपने शोध के लिए अथक परिश्रम करते देखा है। वैज्ञानिक क्षेत्र में काम करने का मेरा सपना तब पूरा हुआ जब मेरा चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई में हुआ। मैं भाग्यशाली थी कि मुझे विद्युत चुंबकत्व, त्वरक भौतिकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले एक समूह से जुड़ने का मौका मिला। मैं लो एनर्जी हाई इंटेंसिटी प्रोटॉन एक्सेलेरेटर (एलईएचआईपीए) के लिए ड्रिफ्ट ट्यूब लिनैक कैविटी के चुंबकीय और आरएफ (रेडियो फ्रीक्वेंसी) लक्षण के वर्णन के विकास से जुड़ी थी। यह वास्तव में बहुत गर्व और संतोष का क्षण था जब 20 एमईवी प्रोटॉन बीम को सफलतापूर्वक त्वरित (एक्सेलेरेट) किया गया।"

## राष्ट्रपति ने 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया भाग

# सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव : द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए पुरुषों से महिलाओं को सहयोग करने की अपील की है।

राष्ट्रपति नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को पूरे आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। ओडिशा के एक साधारण परिवार और पिछड़े इलाके में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण आगे भी बढ़ते रहेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने को लेकर लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़नी चाहिए। भारत ही नहीं, बल्कि अन्य देशों में भी, कार्यबल में महिलाओं की कम भागीदारी का एक कारण यह धारणा है कि महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल के लिए छुट्टी ले लेंगी या काम पर कम ध्यान दे पाएंगी लेकिन यह सोच सही नहीं है।

### जब महिलाओं की प्रतिभा को मिला सम्मान, निराश नहीं किया

राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने हमें कभी निराश नहीं किया है। हम संविधान सभा की सदस्य रहीं सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी और हंसाबेन मेहता जैसी विभूतियों के योगदान को नहीं भूल सकते। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, बल्कि देश और समाज का मान भी बढ़ाया है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो या समाज सेवा हो- सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का सम्मान जगाया है।

# 'कपिल मिश्रा ने नफरत फैलाने के लिए पाकिस्तान शब्द का इस्तेमाल किया', हेट स्पीच मामले में कोर्ट ने कानून मंत्री की याचिका खारिज की

*कोर्ट ने कहा- (मिश्रा) ने अपने कथित बयानों में बहुत ही कुशलता से नफरत फैलाने के लिए किया है, वह चुनाव अभियान में होने वाले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रति बेपरवाह हैं, ताकि केवल वोट हासिल किए जा सकें*

- मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि 2020 में चुनाव के दिन 8 फरवरी को 'दिल्ली की सड़कों' पर 'भारत बनाम पाकिस्तान' मुकाबला होगा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट भाजपा के चर्चित नेता व रेखा सरकार के कानून व न्याय मंत्री कपिल मिश्रा को केस के मामले में कहा कि भाजपा नेता कपिल मिश्रा, जो अब दिल्ली के कानून व न्याय मंत्री हैं, उन्होंने 2020 में धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देने और नफरत फैलाने के लिए पाकिस्तान शब्द को बहुत कुशलता से गढ़ा था। इसी के साथ न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने अपने आदेश में कहा कि पाकिस्तान शब्द का इस्तेमाल संशोधनवादी (मिश्रा) ने अपने कथित बयानों में बहुत ही कुशलता से नफरत फैलाने के लिए किया है, वह चुनाव अभियान में होने वाले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रति बेपरवाह हैं, ताकि केवल वोट हासिल किए जा सकें।उन्होंने कहा कि वास्तव में इस स्तर पर संशोधनवादी के कथित बयान अप्रत्यक्ष रूप से एक देश का उल्लेख करके धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देने का एक बेशर्म प्रयास प्रतीत होता है, जिसे दुर्भाग्य से आम बोलचाल में अक्सर एक विशेष धर्म के सदस्यों को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है।

आरपीसी की धारा 125 (चुनाव के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत दर्ज मामले में आरोप लगाया गया है कि मिश्रा ने 2020 में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आपत्तिजनक बयान दिए जैसे " दिल्ली में छोटे -छोटे पाकिस्तान बने" और " शाहीन बाग में पाकिस्तान की एंट्री" ।यह मामला मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट से भी संबंधित है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2020 में चुनाव के दिन 8 फरवरी को 'दिल्ली की सड़कों' पर 'भारत बनाम पाकिस्तान' मुकाबला होगा ।मामले में 11 नवंबर 2023 को आरोपपत्र दाखिल किया गया था। मिश्रा ने तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत द्वारा तलब किए जाने के एक महीने बाद 20 जुलाई 2024 को न्यायाधीश सिंह के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की थी ।22 जून, 2024 के अपने आदेश में एसीजेएम राजपूत ने रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दायर शिकायत को संज्ञान लिया था। उन्होंने देरी के लिए माफ़ी के आवेदन को भी स्वीकार कर लिया था और कहा था कि यह "न्याय के हित में" होगा। कोर्ट में मिश्रा का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने तर्क दिया कि कथित बयानों में कहीं भी किसी जाति, समुदाय, धर्म, नस्ल या भाषा का उल्लेख नहीं किया गया है, बल्कि एक ऐसे देश का उल्लेख किया गया है, जो आरपीसी की धारा 125 के तहत प्रतिबंधित नहीं है ।जज सिंह ने कहा कि यह दलील पूरी तरह से बेतुकी और पूरी तरह से अस्वीकार्य है, कथित बयान में किसी खास देश का अंतर्निहित संदर्भ एक खास धार्मिक समुदाय के लोगों के लिए एक स्पष्ट संकेत है, जो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने के लिए स्पष्ट है। इसे एक आम आदमी भी आसानी से समझ सकता है, एक समझदार व्यक्ति तो क्या ही कहे।

## सीरिया के तटीय क्षेत्रों में भीषण हिंसक झड़पों पर ईरान ने जताई चिंता

**तेहरान।** ईरान ने सीरिया में बढ़ती हिंसा और असुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। पिछले 48 घंटों में सीरिया के तटीय क्षेत्रों में भड़की भीषण झड़पों पर तेहरान की यह प्रतिक्रिया आई है जिसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने कहा कि ईरान सीरिया के आंतरिक घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है। बाघई ने सीरिया में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने और सभी सीरियाई समूहों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए हालात बनाने की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने इजरायल की आक्रामकता और धमकियों के सामने सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया।

## भारत व रूस के बीच 248 मिलियन डॉलर की हुई डील

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली 1000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट किया। इस सौदे में रोसोबोरोनएक्सपोर्ट से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्ट्री), अवाडी, चेन्नई को ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टीओटी) भी शामिल है। टी-72 भारतीय सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार है। वर्तमान में इसमें 780 एचपी इंजन लगा हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को 1000 एचपी इंजन से लैस करने से भारतीय सेना की युद्धक्षेत्र गतिशीलता और आक्रामक क्षमता में वृद्धि होगी। मजबूत सरकारी समर्थन के दम पर, भारत का रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2014-15 के 46,429 करोड़ रुपये से 174 प्रतिशत अधिक है। देश का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन को 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा कि भारत का आत्मनिर्भर अभियान 'वांछित परिणाम दे रहा है।

## संसद में सरकार को एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों को लेकर घेरेगा विपक्ष

- वक्फ (संशोधन) विधेयक का भी होगा विरोध

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दूसरा चरण में सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस व अन्य सहयोगी दलों ने संसद में एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाने का निर्णय किया है। इसके लिए बैठक में अन्य प्रमुख मुद्दों पर भी सरकार को घेरने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। इसे लेकर विपक्षी दलों ने जिन प्रमुख मुद्दों की सूची तैयार की है उसमें एक ही संख्या वाले वोटर आई-कार्ड का मुद्दा शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने के लिए भी विपक्ष सभी कदम उठाएगा।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं रहे और उन्हें योजनाबद्ध और षड्यंत्र पूर्वक अंजाम दिया जा रहा है। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावा दोनों सदनों के अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता बैठक में शामिल होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : बांग्लादेश में बढ़ रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा

**एजेंसी। ढाका**

- चौंकाने वाले आंकड़ों ने खोली यूनुस सरकार की पोल

बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत देश की गंभीर वास्तविकता को उजागर किया है। विश्व शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, लेकिन बांग्लादेश के हालात परेशान करने वाले हैं। बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा, "समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। कानून प्रवर्तन की नाकामी, जवाबदेही की कमी अपराधियों को मजबूत बना रही है। प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। फौजिया मोस्लेम ने कहा, "न्याय की जगह बातचीत ने ले ली है, जिससे महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वालों और व्यवस्था का शोषण करने वालों को अधिक शक्ति मिल रही है।" उन्होंने कहा कि आत्मसंतुष्टि, अधिकारियों की चुप्पी, [जिसमें नेतृत्वकारी भूमिका में महिलाएं भी शामिल हैं, और कानून के प्रति सामान्य उपेक्षा, ये सभी महिलाओं के प्रति बढ़ती दुश्मनी को बढ़ावा दे रहे हैं।

# 'लगान' की कहानी पसंद आई थी, लेकिन इसकी सफलता पर संदेह था : आमिर खान

**आमिर खान ने कहा कि फिल्म 'लगान' को बनाने में उनके मन में डर था क्यूंकि कई लोगों ने फिल्म के असफल होने की आशंका जताई थी। 'लगान' में एक ऐसे ग्रामीण व्यक्ति की कहानी है जो तीन गुना कर चुकाने से बचने के लिए अंग्रेजों को क्रिकेट में हराने के मकसद से क्रिकेट की एक टीम तैयार करता है।**




**नयी दिल्ली ।** अभिनेता आमिर खान ने कहा कि फिल्म 'लगान' को बनाने में उनके मन में डर था क्यूंकि पटकथा लेखक जावेद अख्तर सहित कई लोगों ने फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर असफल होने की आशंका जताई थी। 'लगान' में एक ऐसे ग्रामीण व्यक्ति की कहानी है जो तीन गुना कर चुकाने से बचने के लिए अंग्रेजों को क्रिकेट में हराने के मकसद से क्रिकेट की एक टीम तैयार करता है। इस फिल्म को 'ऑस्कर' के लिए नामित किया गया था। 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में शुक्रवार को आमिर ने उस समय को याद किया जब निर्देशक आशुतोष गोवारिकर ने फिल्म के लिए उनसे संपर्क किया था। अभिनेता ने कहा, "इस फिल्म को बनाने के अलग खतरे थे।' फिल्म के कई प्रसिद्ध गाने लिखने वाले अख्तर ने खान से कहा कि खेल पर आधारित फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं करतीं और 'लगान' का अधिकतर हिस्सा क्रिकेट के इर्द गिर्द घूमता है। फिल्म में 'वॉइस ओवर' अभिनेता अमिताभ बच्चन ने किया था। अख्तर ने कहा कि बच्चन की आवाज वाली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करतीं और खुद अमिताभ बच्चन ने भी आमिर से यह बात कही थी। लेकिन सभी की आशंकाओं को धता बताते हुए 2001 की यह फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर हिट रही बल्कि इसने लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट फिल्म ऑडियंस' का पुरस्कार भी जीता। आमिर ने कहा, " फिल्म में एक लाइन थी 'हमने कौनो गलती तो नाही की?' मैं और गोवारिकर पूरे फिल्म निर्माण के दौरान हंसी मजाक में यही पंक्ति एक दूसरे से कहते थे कि 'हमने कौनो गलती तो नाही की?'" उन्होंने कहा, " लगान की पूरी यात्रा बहुत रोमांचक थी क्योंकि मुझे हमेशा इसकी कहानी पर विश्वास था... लेकिन मुझे याद है कि फिल्म के लिए हां कहने से पहले मैं बहुत डरा हुआ था।

